

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 14 अंकः 305 पृष्ठः 08

RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com

हिमाचल संस्करण

दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


## छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में खड़ी मालगाड़ी से टकराई पैसेंजर ट्रेनः 4 की मौत, 15 घायल

**टीम एक्शन इंडिया**

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में मंगलवार को बड़ा रेल हादसा हो गया। बिलासपुर-कटनी सेक्शन पर कोरबा पैसेंजर ट्रेन और मालगाड़ी में जोरदार टक्कर हो गई। इसमें चार यात्रियों की मौत हो गई है जबकि कई यात्री घायल हुए हैं। इनमें से कुछ हालत अति चिंताजनक बतायी गई है।इसके कारण रेल यातायात भी प्रभावित हुआ है। रेलवे प्रशासन ने दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 10 लाख, गंभीर रूप से घायल यात्रियों को 5 लाख तथा सामान्य रूप से घायल यात्रियों को 1 लाख की सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की है। बिलासपुर के जिला दण्डाधिकारी संजय अग्रवाल ने ट्रेन हादसे में अभी तक चार लोगों की मौतों की पुष्टि की है और दो यात्रियों की हालत अत्यंत गंभीर बताई है ,जिसमें एक महिला शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इस हादसे के बाद रेलवे और जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। इस हादसे के कारण ओवरहेड वायर और सिग्नल सिस्टम बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जिससे रूट पर परिचालन ठप हो गया है। कई ट्रेनों को रद्द या डायवर्ट किया गया है। रेलवे ने मेडिकल यूनिट और राहत दल मौके पर भेजे हैं। फिलहाल हादसे



के कारणों की जांच की जा रही है। जनसंपर्क अधिकारी विपुल विलासराव ने बताया कि प्राथमिक जानकारी के अनुसार बिलासपुर स्टेशन के पास लगभग 16:00 बजे मेमू ट्रेन गेवरा रोडझबिलासपुर मेमू लोकल ट्रेन (68733) मालगाड़ी से टकरा गई। इसमें प्रभावित लोगों के इलाज लिए रेलवे ने सभी संसाधन उपलब्ध करा दिए हैं और सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित किए जा रहे हैं। रेलवे की तरफ से आपातकालीन नंबर भी जारी किए

**रेल हादसा**

**मृतकों के परिजनों को 10 लाख, गंभीर रूप से घायल यात्रियों को 5 लाख देने का ऐलान**

गए हैं, जिसमें यात्रियों के परिजन दिए गए नंबरों पर कॉल करके अपने परिजनों की जानकारी ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह हादसा गतोरा और बिलासपुर स्टेशन के बीच अप लाइन पर बिलासपुर स्टेशन से करीब 5 किलोमीटर दूर हुई है। ट्रेन गेवरा से बिलासपुर जा रही थी। मालगाड़ी बिलासपुर से आ रही थी। बिलासपुर रेलवे स्टेशन के नजदीक लाल खदान के पास दोनों ट्रेनें एक ही ट्रैक पर आ गई, जिससे उनकी टक्कर हो गई। जनसंपर्क अधिकारी विपुल ने बताया कि रेलवे ने रेस्क्यू अभियान शुरू कर दिया है और मेडिकल यूनिट भेजी गई हैं। यात्रियों के लिए सभी तरह की जरूरी मदद मुहैया कराई जा रही है। दक्षिण पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश और बिलासपुर के मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल भी घटनास्थल पर पहुंचे हैं। हादसे के बाद रूट पर ट्रेन का परिचालन पूरी तरह से ठप हो गया है।

## भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगाः निर्मला

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि भारत वैश्विक मंच पर आज एक तीव्र गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। केंद्रीय वित्त मंत्री ने यहां दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स (डीएसई) में छात्रों को संबोधित करते हुए यह बात कही। सीतारमण ने हीरक जयंती समापन व्याख्यान देते हुए कहा, "हम ऐसे समय में हैं जब भारत कई अलग-अलग मानकों पर खासकर आर्थिक, तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि देश आज अपनी आर्थिक मजबूती के कारण ही ऊंचा स्थान प्राप्त कर रहा है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बेशक, भारत और उसकी जनसंख्या, भारत और वैश्विक मानचित्र पर उसका स्थान, रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हैं। लेकिन भारत आज एकजुट होकर अपनी आर्थिक मजबूती के कारण अपने पैरों पर मजबूती से खड़ा है।" सीतारमण ने कहा कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। वित्त मंत्री ने आगे कहा कि मैं यह नहीं कह रही कि हम अभी विकसित देश बन गए हैं, क्योंकि विकसित भारत 2047 हमारे सामने है। 2014 में दसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं, जल्द ही चौथी और शायद जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने



**अर्थव्यवस्था**

**सरकार 4.4 फीसदी राजकोषीय घाटे के निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने में सफल रहेगी**

तक की हमारी तेज प्रगति ही हमें अलग बनाती है। उन्होंने कहा कि लगभग 2.5 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकाला गया है।

उन्होंने भारत-केंद्रित अनुसंधान और नीतिगत जुड़ाव को मजबूत करने और उभरती अर्थव्यवस्थाओं के अनुकूल मॉडल विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

सीतारमण ने यह भी कहा कि सीमा शुल्क नियमों में सुधार के लिए महत्वपूर्ण प्रयास चल रहे हैं।

सीतारमण ने भरोसा जताया कि सरकार चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 4.4 फीसदी राजकोषीय घाटे के निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने में सफल रहेगी।

## बिहार चुनावः पहले चरण के लिए थमा चुनाव प्रचार

**बिहार विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला दो गठबंधनों, राजग और महागठबंधन के बीच**

**वोट दें**

**पहले चरण में राज्य की कुल 121 विधानसभा सीटों पर मतदान होने वाला है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटनाः** बिहार विधानसभा चुनाव - 2025 में पहले चरण में 6 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए मंगलवार शाम 5 बजे चुनाव प्रचार का शोर थम गया। पहले चरण में राज्य की कुल 121 विधानसभा सीटों पर मतदान होने वाला है। इसके लिए चुनाव आयोग ने पूरी तैयारी कर ली है।

बिहार विधानसभा चुनाव-2025 में मुख्य मुकाबला दो गठबंधनों, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और महागठबंधन के बीच है। राजग में जहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जनता दल यूनाइटेड (जदयू), लोक जनशक्ति पार्टी-रामविलास (लोजपा-आर), हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रोलोमो) शामिल हैं। वहीं, महागठबंधन में राष्ट्रीय जनता दल (राजद), कांग्रेस, विकासशील इन्सान पार्टी (वीआईपी), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी-माले (भाकपा-माले) और मार्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी(माकपा) साथ मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं।

पहले चरण के प्रमुख विधानसभा क्षेत्रों की बात करें, तो तारापुर में उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी (भाजपा) और राजद के अरुण कुमार के बीच के मुकाबले पर सबकी नजर रहेगी। राजद के पारंपरिक गढ़ राघोपुर में महागठबंधन के मुख्यमंत्री उम्मीदवार तेजस्वी यादव का मुकाबला भाजपा के सतीश कुमार यादव से होने वाला है। महुआ विधानसभा सीट से लालू यादव के बड़े बेटे और जनशक्ति जनता दल के तेजप्रताप यादव और मुकेश कुमार रौशन के बीच कड़ी टक्कर है। अलीनगर और छपरा सीट पर सबकी नजरें रहने वाली है।



**पहले चरण में कुल 1,314 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे**

अलीनगर से भाजपा की मैथिली ठाकुर, तो छपरा से खेसारी लाल यादव चुनावी मैदान में हैं। इसी चरण में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा लखीसराय से भाग्य आजमा रहे हैं। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा का नाम भी शामिल है। मैथिली ठाकुर के भाग्य का फैसला भी पहले चरण में ही होने वाला है। इसके अलावा बिहार सरकार में वरीय मंत्री विजय चौधरी, जीवेश कुमार, संजय सरावगी और मदन सहनी की किस्मत का फैसला भी 06 नवम्बर को होगा। पहले चरण के 121 विधानसभा क्षेत्रों की सूची आलमनगर, बिहारीगंज, सिंहेश्वर (एससी), मधेपुरा, सोनबर्षा (एससी), सहरसा, सिमरी, बख्तियारपुर, महिषी, कुशेश्वर अस्थान (एससी), गौरा बौराम, बेनीपुर, अलीनगर, दरभंगा ग्रामीण, दरभंगा, हायाघाट, बहादुरपुर, केवटी, जाले।



श्रीलंका की संसद में विपक्ष के नेता सजित प्रेमदासा ने नई दिल्ली में संसद भवन में लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला से मुलाकात की।

## हरियाणाः सरकारी कॉलेजों में लागू होगी ऑनलाइन ट्रांसफर नीति

**चंडीगढ़।** स्कूलों की तर्ज पर अब राजकीय महाविद्यालयों में भी सरकार ऑनलाइन तबादला नीति लागू करने जा रही है। उच्चतर शिक्षा विभाग का कहना है कि इससे तबादलों में पारदर्शिता आएगी। महाविद्यालयों में खाली पदों को भी भरा जाएगा। विभाग ने 20 कॉडर के 7882 पदों के तबादलों का प्रारूप तैयार कर लिया है। हरियाणा के 187 कॉलेजों में आनलाइन तबादला नीति लागू होगी। उच्चतर शिक्षा विभाग की ओर से हरियाणा सरकार की आनलाइन ट्रांसफर नीति की अधिसूचना जारी कर दी गई है।

## देश में एसआईआर के तहत गणना शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग बिहार के बाद 12 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में मतदाता सूची को अपडेट करने जा रहा है। इससे जुड़ी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत आज से गणना फार्म जमा होने शुरू हो गए हैं। चुनाव कर्मी घर-घर जाकर इन फार्म को वितरित कर रहे हैं। इस प्रक्रिया के तहत 51 करोड़ मतदाताओं को कवर किया जाएगा। चुनाव आयोग ने आज देशभर में गणना फार्म वितरित करने से जुड़ी तस्वीरें और जानकारी साझा की। एसआईआर से जुड़े प्रदेशों में 27 अक्टूबर



तक मतदाता सूची में शामिल प्रत्येक मतदाता को एक विशिष्ट गणना प्रपत्र (ईएफ) उपलब्ध कराया जाएगा। यह आंशिक रूप से पहले से भरा होगा। गणना चरण के दौरान, बीएलओ ईएफ के वितरण और संग्रह के लिए कम से कम तीन बार घर-घर जाएंगे। बिहार में एसआईआर के बाद अंडमान-निकोबार द्वीप समूह, पुडुचेरी, लक्षद्वीप, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, केरल और तमिलनाडु में इसकी प्रक्रिया जारी हैं। इसके अंतर्गत 321 जिले और 1,843 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इन राज्यों की मतदाता सूची फ्रीज हो चुकी है और और 7 फरवरी तक अंतिम मतदाता सूची जारी की जाएगी। एसआईआर प्रक्रिया में शामिल किए गए राज्यों में कुल मिलाकर लगभग 51 करोड़ मतदाता हैं। इस अभियान में 5.33 लाख बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) और राजनीतिक दलों द्वारा नामित लगभग 7.64 लाख बूथ स्तरीय एजेंट (बीएलए), 10,448 ईआरओ/एईआरओ और 321 जिला निर्वाचन अधिकारी शामिल होंगे।

## अमित शाह ने किया बिहार को पूर्ण विकसित करने का वादा

**टीम एक्शन इंडिया**

**पूर्वी चंपारण।** बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के चकिया में एनडीए की सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि चंपारण सत्याग्रह की भूमि है। इस भूमि से महात्मा गांधी और डॉ राजेंद्र प्रसाद ने अंग्रेजों के खिलाफ बिगुल फूंका था। अमित शाह ने कहा कि साढ़े पांच सौ साल पहले बाबर ने अयोध्या के राममंदिर को तोड़ा था। फिर मुगलों ने, अंग्रेजों ने, कांग्रेसियों ने और लालू ने राम मंदिर को अटका,



भटका कर रखा। आपने जब दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया तो मोदी ने राममंदिर का शिलान्यास किया और प्राण प्रतिष्ठा भी कर दिया। शाह ने कहा कि सीतामढ़ी के पुनौरा धाम में सीता माता के भव्य मंदिर निर्माण का साढ़े आठ सौ करोड़ से बनने वाले मंदिर का हमने शिलान्यास कर दिया।

## दिल्ली में वायु गुणवत्ता की स्थिति में सुधारः दिल्ली सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मंगलवार को वायु गुणवत्ता की स्थिति में सुधार देखने को मिला। हवा के चलने से स्थिति बेहतर हुई। दिल्ली सरकार का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली की वायु गुणवत्ता इस सर्दी के मौसम में पिछले सालों के बनिस्बत बेहतर हुई है। दिल्ली सरकार ने पिछले सालों से तुलना करते हुए कहा है कि पिछले सात वर्षों में इस तारीख का सबसे अच्छा स्तर है। सरकारी की ओर से दिए गए आंकड़ों के



अनुसार दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 4 नवम्बर को 291 रहा। वहीं 2024 में यह 381, 2023 में 415, 2022 में 447, 2021 में 382, 2020 में 343 और 2019 में 407 था। दिल्ली सरकार का कहना है कि

**दावा**

**सीएम रेखा के नेतृत्व में दिल्ली की वायु गुणवत्ता इस सर्दी के मौसम में पिछले सालों के बनिस्बत बेहतर हुई**

भौगोलिक चुनौतियों, पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने, निर्माण गतिविधियों, वाहनों की बढ़ी हुई संख्या और ग्रीन दिवाली मनाने के बावजूद दिल्ली ने इस बार हवा की गुणवत्ता बेहतर बनाए रखी है। यह सफलता निरंतर और वैज्ञानिक तरीकों से किए गए प्रयासों का परिणाम है। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि ह्लसाल-दर-साल के आंकड़े यह साबित करते हैं कि हमारी समन्वित और निरंतर प्रदूषण नियंत्रण रणनीति असर दिखा रही है। मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के नेतृत्व में सरकार दिल्लीवासियों को साफ हवा देने के लिए प्रतिबद्ध है। हम सालभर योजनाबद्ध तरीके से काम कर रहे हैं ताकि सर्दियों में प्रदूषण को काबू में रखा जा सके। ह्व

## ऑनलाइन गेम रेगुलेट करने वाले कानून को चुनौती, केंद्र को नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने ऑनलाइन गेम को रेगुलेट करने वाले कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। जस्टिस जेबी पारदीवाला की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि केंद्र सरकार इस मामले में विस्तृत जवाब दाखिल करे। मामले की अगली सुनवाई 26 नवंबर को होगी। उच्चतम न्यायालय ने 8 सितंबर को विभिन्न उच्च न्यायालय में दायर याचिकाओं को सुनवाई के लिए उच्चतम न्यायालय ट्रांसफर करने का आदेश दिया था। उच्चतम न्यायालय इन्हीं याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है। इस कानून को दिल्ली उच्च न्यायालय , मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय और कर्नाटक उच्च न्यायालय में याचिकाएं दायर कर चुनौती दी गई थी। दिल्ली उच्च न्यायालय में ऑनलाइन कैरम की कंपनी बघीरा कैरम प्राइवेट लिमिटेड ने याचिका दायर की थी।

## एसआईआर के खिलाफ कोलकाता में सीएम ममता बनर्जी का मार्च

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को केंद्र की भाजपा सरकार और चुनाव आयोग पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यदि एक भी योग्य मतदाता का नाम सूची से हटाया गया, तो भाजपा सरकार का पतन निश्चित हो जाएगा। कोलकाता में आयोजित एक विशाल विरोध रैली का नेतृत्व करते हुए तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने दावा किया कि एसआईआर



**साधा निशाना**

**एक भी वैध मतदाता का नाम काटा तो केंद्र सरकार गिर जाएगीः मुख्यमंत्री ममता बनर्जी**

प्रक्रिया को केवल विपक्ष शासित राज्यों में तेजी से चलाया जा रहा है, जबकि भाजपा शासित राज्यों को इससे बाहर रखा गया है। उन्होंने प्रश्न उठाया – जब असम, त्रिपुरा और अन्य पूर्वोत्तर राज्यों में भाजपा की सरकार है, तो वहां एसआईआर क्यों नहीं हो रहा? ममता बनर्जी ने कहा कि 2002 में बंगाल में हुआ पिछला एसआईआर दो साल में पूरा हुआ था, लेकिन इस बार चुनाव आयोग केवल एक महीने में यह प्रक्रिया समाप्त करना चाहता है, जो राजनीतिक दुर्भावना को दर्शाता है।

**मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने 66 पैट्रोलिंग वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना**

## चिट्टे के खिलाफ प्रदेशभर में शुरू किया जाएगा बड़ा अभियानः मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**पंकज शर्मा**

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने चौड़ा मैदान, शिमला से 66 पैट्रोलिंग वाहनों को रवाना किया। ये सुरक्षा वाहन प्रदेश के 10 जिलों शिमला, मण्डी, कांगड़ा, हमीरपुर, ऊना, बिलासपुर, कुल्लू, सिरमौर, सोलन और चंबा के विभिन्न पुलिस थानों में तैनात किए जा रहे हैं। 18.42 करोड़ की लागत से खरीदे गए इन वाहनों में 35 इलैक्ट्रिक वाहन, 14 इंटसेप्टर वाहन, 10 रैकर वाहन तथा 7 डब्ल्यूडी डीजल वाहन शामिल हैं। इस अवसर पर




मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार का लक्ष्य न केवल सड़क दुर्घटनाओं को कम करना है बल्कि प्रदेश की जनता के लिए सुरक्षित एवं आपदा प्रतिरोधी यातायात प्रणाली विकसित करना भी है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में सड़क दुर्घटनाओं में लगातार गिरावट दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि यह सकारात्मक परिवर्तन पुलिस, परिवहन विभाग, लोक निर्माण विभाग, हिमाचल प्रदेश सड़क एवं अधोसंरचना विकास निगम, स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य संबंधित एजेंसियों के संयुक्त प्रयासों से ही संभव हो पाया है।

उन्होंने कहा कि रैकर वाहनों की तैनाती से दुर्घटनाओं के पश्चात वाहनों को शीघ्र हटाकर सड़कों पर यातायात शीघ्र सामान्य करने में मदद मिलेगी।

**सुरक्षित सफर**

**30 करोड़ रुपये से हमीरपुर में स्थापित होगा अत्याधुनिक सड़क सुरक्षा नियंत्रण एवं कमांड सेंटर**

ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि शीघ्र ही सरकार द्वारा हमीरपुर में लगभग 30 करोड़ रुपये की लागत से समेकित सड़क सुरक्षा प्रवर्तन प्रणाली के तहत एक अत्याधुनिक सड़क सुरक्षा नियंत्रण एवं कमांड सेंटर स्थापित किया जाएगा, जो प्रदेश भर में लगाए जा रहे आधुनिक कैमरों से जुड़ा होगा। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा इस प्रणाली का उपयोग ई-चालान, यातायात की निगरानी एवं सड़कों पर अनुशासन और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री ने मत्स्य उत्पादन बढ़ाने के लिए विभाग को आधुनिक तकनीक अपनाने के निर्देश दिए

**लाभ**

» मत्स्य व्यवसायियों को लाभान्वित करने को राज्य भर में नई हैचरी और कोल्ड स्टोर बनेंगे



**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज यहां मत्स्य पालन विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभाग को मत्स्य उत्पादन की शेल्फ लाइफ बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीक अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस व्यवसाय से जुड़े किसानों को लाभान्वित करने के लिए राज्य की नदियों और जलाशयों के किनारे नई हैचरी और कोल्ड स्टोर स्थापित करेगी। उन्होंने विभाग को राज्य भर में नए कोल्ड स्टोर स्थापित करने के लिए उपयुक्त भूमि की पहचान करने के निर्देश दिए।

ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दे रही है और इसमें मत्स्य पालन क्षेत्र की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने मत्स्य पालन विभाग को किसानों की आय बढ़ाने के लिए उन्हें आधुनिक तकनीक और सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए। राज्य सरकार मत्स्य पालन से संबंधित विभिन्न उपकरणों की खरीद पर भी सब्सिडी देकर किसानों को सहायता प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि विभाग मत्स्य पालन किसानों को आधुनिक पद्धतियों, उन्नत बीज किस्मों और नवीन तकनीकों के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेगा, ताकि वे इस क्षेत्र में हो रही प्रगति का लाभ उठा सकें।

मुख्यमंत्री ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए अगले सीज़न से राज्य भर के बांधों और जलाशयों में मछली बीज भंडारण बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने विभाग को इस कार्य के लिए व्यापक स्तर पर तैयारी करने और अगले वर्ष के लिए बीज आवश्यकताओं का आकलन करने के निर्देश दिए।

## श्री गुरु रविदास गुरूद्वारा डंगोह खास में मनाया जाएगा प्रकाश पर्व

**राजन पुरी**
**ऊना।** गांव डंगोह खास स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु रविदास महाराज में 5 नवंबर को श्री गुरु नानक देव महाराज का जन्मदिन बड़े श्रद्धा एवं हर्षोगास के साथ मनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर सुबह से ही कीर्तन दरबार, शब्द गायन, अरदास व गुरु का लंगर आयोजित किया जाएगा। क्षेत्र की समस्त संगत को इस शुभ अवसर पर गुरु महाराज जी के चरणों में हाजिरी लगाने का विनम्र निमंत्रण दिया गया है। सभा के प्रधान गुरुदेव ने बताया कि कार्यक्रम में शामिल होकर संगत न केवल आध्यात्मिक आनंद प्राप्त करेगी, बल्कि गुरु के उपदेशों को जीवन में अपनाने का संदेश भी दिया जाएगा। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि जो भी संगत किसी भी प्रकार की सेवा करना चाहती है, उसका हार्दिक स्वागत है।

# स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए जाइका प्रोजेक्ट 90 फीसदी देने वाले केंद्र का नाम तक नहीं ले रही सरकार : जयराम ठाकुर

**शिष्टाचार**

» केंद्र के सहयोग पर सामान्य शिष्टाचार भी क्यों नहीं दिखा रहे हैं कांग्रेसी नेता




**खेमचंद शास्त्री**
**मंडी।** मंडी से जारी बयान में पूर्व मुख्यमंत्री एवं में नेता प्रतिपक्ष से जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं की बहाली के लिए 1422 करोड़ रुपए के जाइका के प्रोजेक्ट को लेकर बहुत शोर डाला जा रहा है। लेकिन सरकार द्वारा यह नहीं बताया जा रहा है कि 1422 करोड़ रुपए का बड़ा हिस्सा केंद्र सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।एक्सटर्नल ऐडेड प्रोजेक्ट में विदेशी संस्थाओं द्वारा दिए जा रहे कर्ज का 90 फ़ीसदी हिस्सा नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार सरकार जमा करती है जबकि सिर्फ 10 प्रतिशत कर्ज की धनराशि राज्य सरकार द्वारा जमा की जाती है। नाम मात्र का सहयोग देकर भी सुख की सरकार इस पूरे प्रोजेक्ट का जोर से प्रचार प्रसार कर रही है लेकिन केंद्र सरकार का जिक्र तक भी उनके इस प्रचार प्रसार में नहीं आ रहा है। न तो यह राजनीति की परिपाटी है और न ही यह सामान्य संस्कार कि राजनीति में और श्रेय लेने में हम सामान्य शिष्टाचार भी भूल जाए। सबसे हैरानी की बात तो यह है कि सरकार द्वारा यह कहा जा रहा है कि यह कर्ज है इसमें केंद्र सरकार का कोई योगदान नहीं। संघीय व्यवस्था में इस तरीके के बयान न तो लोकतंत्र के लिए अच्छा है, न ही प्रदेश के लिए। जयराम ठाकुर ने कहा कि जब सरकार मानने को तैयार नहीं है तो जापान इंटरनेशनल कॉरपोरेशन एजेंसी यानी जाइका के बारे में चीज स्पष्ट करनी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि 22 मई 2025 को मुख्यमंत्री केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से मिलकर जाइका के प्रोजेक्ट के के प्रोजेक्ट के अप्रूवल के संदर्भ में बात करते हैं।

## बेहड़ जसवां में महिला पर हमला, कपड़े फाड़े और जान से मारने की धमकी

**राजन पुरी**
**ऊना।** पुलिस थाना अंब के तहत बेहड़ जसवां में एक महिला पर हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में बेहड़ जसवां की महिला ने बताया कि गत दिवस जब वह घर पर थी, तभी कुछ लोगों ने घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की, कपड़े फाड़े और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि गांव के युवक ने मारपीट शुरू की। इसके बाद चार महिलाओं सहित पांच लोगों ने मारपीट की। इतना ही नहीं मेरे कपड़े फाड़े और जबरदस्ती मेरे ही मकान से मुझे निकालने की कोशिश की।

# अंतर्राष्ट्रीय-राष्ट्रीय विजेता खिलाड़ियों को दिए 14.50 करोड़ के ईनाम : यादविंद्र गोमा

**हवाई यात्रा**

» दोगुणा की स्कूली खिलाड़ियों की डाइट मनी और रेल एवं हवाई यात्रा का भी प्रावधान



**टीम एक्शन इंडिया**
**हमीरपुर।** आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल और विधि मंत्री यादविंद्र गोमा ने कहा है कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू प्रदेश के चहुमुखी विकास के लिए एक बड़े विजन के साथ कार्य कर रहे हैं। लगभग पौने तीन वर्ष के कार्यकाल के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश में खेलों के ढांचागत विकास और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने की दिशा में बहुत ही सराहनीय निर्णय लिए हैं। मंगलवार को यहां ब्वायज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चार दिवसीय राज्य स्तरीय अंडर-14 सांस्कृतिक एवं योग प्रतियोगिता का उदघाटन करते हुए यादविंद्र गोमा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय-राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को अभी तक लगभग 14.50 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि वितरित की है।

स्कूली खिलाड़ियों की डाइट मनी में दोगुणा से ज्यादा वृद्धि करके 250 रुपये की गई है। इनके लिए उच्च श्रेणी की रेल यात्रा और आवश्यकता पड़ने पर हवाई यात्रा का भी प्रावधान किया है।

# अंतरराष्ट्रीय लवी मेला रामपुर-2025 के दौरान यातायात व्यवस्था संबंधी दिशा-निर्देश जारी

**लिहान्टू**
**रामपुर बुशहर।** रामपुर बुशहर में 11 नवम्बर से 14 नवम्बर, 2025 तक आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय लवी मेला के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने तथा आम जनता की सुविधा के दृष्टिगत विभिन्न व्यवस्थाएँ की गई हैं।

इस संबंध में आदेश जारी करते हुए उपमंडलाधिकारी (नागरिक) रामपुर बुशहर एवं सचिव, अंतरराष्ट्रीय लवी मेला, हर्ष अमरेन्द्र सिंह ने बताया कि ये व्यवस्थाएँ आज से 30 नवम्बर, 2025 तक विभिन्न चरणों में लागू रहेंगी।

उन्होंने बताया कि सभी भारी वाहन (बसों को छोड़कर), जो रामपुर बस स्टैंड से किन्नौर की ओर या शिमला होकर आती-जाती हैं, उन्हें वजीर बावड़ी से झाखड़ी तक वाईपास सड़क (सतलुज राइट बैंक मार्ग) से मोड़ा जाएगा। यह व्यवस्था 8 नवम्बर से 30 नवम्बर, 2025 तक प्रभावी रहेगी।

नगरपालिका क्षेत्र रामपुर बुशहर के अंतर्गत किसी भी भारी वाहन का प्रवेश वर्जित रहेगा। यह प्रावधान 4 नवम्बर से 30 नवम्बर, 2025 तक राष्ट्रीय राजमार्ग 05 पर लागू रहेगा। भारी वाहनों की पार्किंग के लिए एमजीएमएससी खनेरी अस्पताल (ज्यूरी की ओर) तथा वजीर बावड़ी (शिमला की ओर) के आगे स्थान निर्धारित किए गए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### सी.एस.एस.आर. प्रतियोगिता में 14वीं वाहिनी, एन.डी.आर.एफ. नूरपुर अव्वल रही



**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला।** 14वीं वाहिनी, एन.डी.आर.एफ. नूरपुर द्वारा आयोजित सी.एस.एस.आर प्रतियोगिता 2025 के समापन समारोह की अध्यक्षता आज कमांडेंट, 14वीं वाहिनी एन.डी.आर.एफ. बलजिन्दर सिंह ने की।

मुख्य अतिथि ने विजेता खिलाड़ियों को पदक, ट्रॉफी एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए। प्रतियोगिता में 14वीं वाहिनी, एन.डी.आर.एफ. नूरपुर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

उन्होंने टीमों को बधाई देते हुए कहा गया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं एन.डी.आर.एफ. के कर्मियों की दक्षता, त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता और आपदा प्रबंधन कौशल को और अधिक सुदृढ़ करती हैं।

इस वर्ष की प्रतियोगिता में 7वीं, 13वीं, 14वीं तथा 15वीं वाहिनी एन.डी.आर.एफ. की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिताओं में जवानों ने अपनी श्रेष्ठता का परिचय दिया और उत्कृष्ट कार्य कुशलता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान टीमों में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, जिसने प्रतियोगिता को अत्यंत रोमांचक बना दिया।

इस प्रतियोगिता का उद्देश्य आपदा प्रबंधन अभियानों के दौरान प्रयुक्त उपकरणों के कुशल उपयोग, टीम भावना, तकनीकी दक्षता तथा आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमता का परीक्षण एवं संवर्द्धन करना था।

### द मैग्नेट स्कूल में जिला स्तरीय तलवार बाजी प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**हमीरपुर।** तलवारबाजी संघ की ओर से जिला स्तरीय तलवारबाजी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 08 नवम्बर 2025 को द मैग्नेट पब्लिक स्कूल हमीरपुर में आयोजित होगी। इसका शुभारम्भ जिला तलवारबाजी संघ के अध्यक्ष संदीप कुमार करेंगे। द मैग्नेट पब्लिक स्कूल के प्रांगण में होने वाली यह प्रतियोगिता दो वर्गों मे आयोजित की जाएगी जिसमें पहले वर्ग मे अंडर-17, दूसरे वर्ग में सीनियर आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग लेंगे। खिलाड़ी तलवारबाजी के तीन इवेंट EPEE, FOIL और SABRE में भाग ले सकते हैं। जो बच्चे तलवारबाजी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक हैं वो खिलाड़ी www.fencingindia.org 07 नवम्बर 2025 तक अपना पंजीकरण करवाएं। उसके बाद जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए द मैग्नेट पब्लिक स्कूल हमीरपुर में पंजीकरण करवा लें। जिला स्तरीय तलवारबाजी संघ के अध्यक्ष संदीप कुमार ने बताया कि जिला तलवारबाजी संघ की ओर से होने वाले इस आयोजन में तलवारबाजी का हुनर देखने को मिलेगा।

इसमें से बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा। जो खिलाड़ी चयनित होगें वो 09 नवम्बर 2025 को मैडी (ऊना) में हुनर दिखाएंगे।

जिला के सभी स्कूलों के छात्र, छात्राएं एवम् अन्य इच्छुक खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नम्बर 9882441990 पर संपर्क कर सकते हैं।

# खैरला-कुठेहड़ा सड़क की उद्घाटन पट्टिका तोड़ी



**राजन पुरी**
**ऊना।** उपमंडल अंब के तहत नेशनल हाईवे-70 से खैरला कुठेहड़ा को जोड़ने वाली प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बनी लगभग 5 किलोमीटर लंबी सड़क की उद्घाटन पटिका को अज्ञात शरारती तत्वों द्वारा तोड़ दिया गया है। इस घटना से क्षेत्र में लोगों में गहरा आक्रोश फैल गया है। यह सड़क 2 अप्रैल 2022 को तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा लोकार्पित की गई थी। सड़क का उद्घाटन समारोह बड़े स्तर पर हुआ था, जिसके बाद उद्घाटन पटिका को मुख्य सड़क के किनारे लगाया गया था। अब कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा इस पटिका को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। भाजपा के जिला एससी मोर्चा उपाध्यक्ष इंजीनियर रामपाल ने इस घटना पर कड़ा रोष व्यक्त करते हुए प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह बेहद शर्मनाक और निंदनीय कृत्य है।

## सांसद मोबाईल स्वास्थ्य सेवा ने मे की 126 लोगों की स्वास्थ्य जांच

**टीम एक्शन इंडिया**
**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं साँसद हमीरपुर संसदीय क्षेत्र अनुराग सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन मे प्रयास संस्था द्वारा संचालित साँसद मोबाईल स्वास्थ्य सेवा टीम (अनुराधा, दिवांश, महावीर) ने डॉ विजय के नेतृत्व मे जसवां प्रागपुर विधानसभा क्षेत्र के गाँव व ग्राम पंचायत बथरा के वार्ड नं 5 मे जनता की सामान्य स्वास्थ्य जांच के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया।

स्वास्थ्य शिविर के दौरान 68 महिलाओं व 57 पुरुषों सहित कुल 126 लोगों के स्वास्थ्य की सामान्य जांच एवं 56 मरीजों की रक्तजांच निशुल्क की गई।

# कांग्रेस सरकार दूसरे प्रदेशों में कर रही गारंटी का झूठा प्रचार : संदीपनी भारद्वाज

**इंतजार**

» प्रदेश के ठेकेदार आज भी 1000 करोड़ से ऊपर के भुगतान का कर रहे इंतजार



**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने कहा कि मुख्यमंत्री और कांग्रेस सरकार द्वारा दूसरे प्रदेशों में जाकर गारंटी का झूठा प्रचार कर रही है और हिमाचल प्रदेश में ठेकेदारों के पैसे नहीं दे पा रही है। प्रदेश के ठेकेदार आज भी 1000 करोड़ से ऊपर के भुगतान का इंतजार कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि करीब एक करोड़ की राशि का भुगतान न होने पर ठेकेदार ने सुंदरनगर में बनाए विश्राम गृह पर ताला लगा दिया है। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित रेस्ट हाउस को करीब 3.73 करोड़ रुपये से बनाया गया है।

यह भवन पूरी तरह से बनकर तैयार है। बस फर्नीचर ही रखना बाकी है। यह भवन एक साल से पैसे की कमी के चलते हैंडओवर नहीं हो पा रहा है। यह भवन अब पूरी तरह से बन चुका है। फर्नीचर के लिए लोक निर्माण विभाग ने 50 लाख रुपये का अतिरिक्त प्रावधान किया है।

दूसरी तरफ ठेकेदार को भुगतान न होने से यह भवन अब तक लोक निर्माण विभाग के कब्जे में नहीं है। इसी प्रकार हिमाचल प्रदेश में कई उदाहरण है जहां ठेकेदारों को उचित समय पर पैसे नहीं दिए जा रहे इसलिए विकास कार्य पूरे प्रदेश में लगातार ठप हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार द्वारा केवल मात्र झूठ बोला जा रहा है जो कि सार्वजनिक रूप से सिद्ध हो गया है कि मुख्यमंत्री और उनकी मित्र मंडली केवल मात्र झूठ बोलती है।

## जुन्गा में डिजिटल वित्तीय जागरूकता शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक सीमित, शाखा जुन्गा के सौजन्य से राजकीय मिडल स्कूल शाठली में एक दिवसीय डिजिटल वित्तीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें डिजिटल बैंकिंग व नकदी रहित लेनदेन के बारे लोगों को जानकारी दी गई।

बैंक प्रबन्धक विशाल शर्मा ने शिविर में आए ग्रामीणों को नेफ्ट, आरटीजीएस, आईएमपीएस आदि सुविधाओं व भीम, हिमपैसा एप्प के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया । इस कार्यक्रम में राज्य सहकारी बैंक, केंद्र सरकार, राज्य सरकार और नाबार्ड द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे लघु बचत योजना, बेसिक सेविंग डिपाजिट अकॉउंट स्कीम, आवर्ती जमा, मियादी जमा, पीएमजेडीवाई आदि जमा योजनाओ, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएमईजीपी, एमएमएसवाई, प्रधान मंत्री मुद्रा योजना, व हिम स्वरोजगार क्रेडिट कार्ड योजना आदि ऋण योजनाओ व पीएमजेजेवाई, पीएमएसबीवाई, अटल पेंशन योजना आदि सामाजिक सुरक्षा योजनाओ की जानकारी दी ।

# गुरु नानक देव जी के प्रकाश दिवस पर भव्य नगर कीर्तन का आयोजन

**गतका**

» गतका पार्टियों द्वारा पुरातन युद्ध कला का किया सुंदर प्रदर्शन



**राजन पुरी**
**ऊना।** जगत गुरु श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश दिवस हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरु नानक देव जी के वंशज बाबा सरबजोत सिंह जी बेदी तथा गुरु नानक मिशन संस्था तथा इलाका निवासी साध संगत द्वारा श्रद्धा एवं उत्साह पूर्वक मनया जा रहा है।

इस अवसर पर मंगलवार को गुरुद्वारा बाबा बंदा सिंह बहादुर हीरा थडा से भव्य नगर कीर्तन पांच प्यारों की अगुवाई में आयोजित किया गया। नगर कीर्तन सुबह गुरुद्वारा बाबा बंदा सिंह जी बहादुर गावं हीरा थडा से प्रारंभ होकर गांव धुगा, कुंगडत, ललड़ी, नंगल खुर्द, टाहलीवाल, सतोखगढ़, सनोली, बीनेवाल, पूना, मैहतपुर, देहलां, बहडाला, रक्कड़ से होते हुए ऊना साहिब पहुंचा, यहां किला बाबा साहिब सिंह जी बेदी में नगर कोर्तन का बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारों के बीच पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

नगर कीर्तन के स्वागत में विभिन्न स्थानों पर स्वागती द्वार बनाए गए थे और श्रद्धालुओं द्वारा विभिन्न प्रकार के लंगर लगाए गए। सुंदर पालकी में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को सुशोभित किया गया था। इस अवसर पर गतका पार्टियां द्वारा पुरातन युद्ध कला का सुंदर प्रदर्शन किया गया।

किला बाबा साहिब जी बेदी ऊना पहुंचने पर गुरु नानक देव के वंशज बाबा सरबजोत सिंह बेदी, बाबा अमरजोत सिंह बेदी व साध संगत द्वारा नगर कीर्तन का स्वागत किया गया और पांच प्यारों व संत महां पुरुषों को सिरोपा देकर किया सम्मानित किया गया।

# रेबीज है, एक घातक वायरल बीमारी : डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा

**रेबीज**

» रेबीज बीमारी मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी को करती है प्रभावित



**टीम एक्शन इंडिया**
**हमीरपुर।** हमीरपुर मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष और हिमाचल प्रदेश संयुक्त कर्मचारी महासंघ के उपध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा ने कहा कि रेबीज एक घातक वायरल बीमारी है जो केंद्रीय तंत्रिका तंत्र पर हमला करती है और अक्सर पशुओं के काटने से मनुष्यों में फैलती है।

यह लगभग हमेशा घातक होती है, लेकिन तुरंत चिकित्सा सहायता लेने से इसे रोका जा सकता है। रेबीज को रोकने के लिए, पालतू जानवरों का टीकाकरण करवाना और यदि कोई जानवर काट ले तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना महत्वपूर्ण है।

रेबीज के बारे में मुख्य बातें यह क्या है: रेबीज एक वायरस के कारण होने वाली एक जानलेवा बीमारी है जो मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी को प्रभावित करती है। यह कैसे फैलता है- यह संक्रमित पशुओं की लार से फैलता है, आमतौर पर काटने या खरोंच से। कुत्ते और चमगादड़ इसके सामान्य वाहक हैं, खासकर एशिया और अफ्रीका में।

लक्षणों में दौरे, मतिभ्रम, लकवा और पानी से डर शामिल हो सकते हैं। पशुओं का टीकाकरण करवाना रेबीज को रोकने का सबसे प्रभावी तरीका है। यदि कोई जानवर काटता है, तो तुरंत डॉक्टर से मिलें। डॉक्टर जोखिम के आधार पर टीके और अन्य दवाएं देंगे। घाव को साबुन और पानी से अच्छी तरह धोना चाहिए, और तुरंत चिकित्सा उपचार लेना चाहिए।

# 6 और 7 नवंबर को कोटी और जुन्गा के कई क्षेत्रों में लगेगा पावर कट

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला।** 11 केवी जोघो फीडर कोटी और जुन्गा की आवश्यक मुरम्मत के चलते कोटी और जुन्गा के अंतर्गत आने अनेक गांव में आगामी 06 और 07 नवंबर को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत उप मंडल जुन्गा के सहायक अभियंता यशवंत सिंह के अनुसार 06 नवंबर को जुन्गा फीडर के गांव भड़ेच, डवारू, छलंडा, दयोग चंकर, तथा जोघो कोटी फीडर के गांव कोटीधार, जंगल नीन, शिकारग गजयोन और 07 नवंबर को कनेची, कोठी, ओनरी , भाड़ , समोण और डोगरा पुल, ठूंड से लखोठी, धाली बागड़ा, मगलेड खडड, बलोग, शुनड़ा, नोहा, डुब्लु, बराग का नाला सहित आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि विद्युत लाईनों की मुरम्मत का कार्य मौसम पर निर्भर करेगा। उन्होने संबधित क्षेत्र के लोगों से आग्रह किया कि सामान्य विद्युत आपूर्ति बनाए रखने के लिए बिजली बोर्ड का सहयोग करें।




# डीएवी स्कूल के छात्रों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन

**पदक**

» रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक किया हासिल



**राजन पुरी**
**ऊना।** डीएवी सेनटेनरी पब्लिक स्कूल ऊना के खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में अपना वर्चस्व स्थापित करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक हासिल किया है। पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में लड़कों के अंडर (12 से 15) क्वॉडस प्रतियोगिता में पुष्कल शर्मा ने स्वर्ण, सूर्यांश ने स्वर्ण व रिद्धम ठाकुर ने कांस्य पदक हासिल किया। लड़कों की ही अंडर (15 से 18) क्वॉडस में मयंक ठाकुर ने स्वर्ण, कुलदीप सिंह ने इन लाइन में स्वर्ण पदक हासिल कर अपनी जगह बनाई। लड़कियों ने भी अंडर (8 से 10) इन लाइन प्रतियोगिता में आदविका ने रजत व कांस्य पदक, अंडर (10 से 12) क्वाडस प्रतियोगिता में प्रतीका ने स्वर्ण पदक हासिल किया। लड़कियों की अंडर (12 से 15) इनलाइन प्रतियोगिता में अनाया ने रजत, (15 से 18 ) की इनलाइन प्रतियोगिता में अनिका ने स्वर्ण पदक हासिल किया। प्रधानाचार्य आरएल पाठक ने खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी।

# बिलासपुर में मुख्य सड़क के किनारे दुकानों का एसडीएम ने किया निरीक्षण

**निर्देश**

**अतिक्रमण को लेकर प्रशासन सख्त, एक सप्ताह के भीतर अतिक्रमण हटाने के निर्देश**



**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** बिलासपुर शहर में मुख्य सड़क मार्ग के किनारे अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को लेकर प्रशासन ने सोमवार को संघन निरीक्षण किया। यह निरीक्षण एसडीएम सदर डॉ. राजदीप सिंह के नेतृत्व में किया गया। जिसमें तहसीलदार सदर बाल कृष्ण और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी भी शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि शहर के विभिन्न हिस्सों में मुख्य सड़क मार्ग से सटे कुछ दुकानदारों ने सड़कों के किनारे अतिक्रमण कर रखा है। विशेषकर कबाड़ की दुकानों द्वारा सड़क किनारे सामग्री फैलाने से न केवल यातायात बाधित हो रहा है, बल्कि आए दिन जाम की स्थिति भी उत्पन्न हो रही है। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। एसडीएम सदर डॉ. राजदीप सिंह ने मौके पर ही संबंधित दुकानदारों को सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा कि वह एक सप्ताह के भीतर सभी प्रकार के अतिक्रमण को स्वयं हटाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्धारित अवधि के बाद भी यदि अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो प्रशासन जबरन अतिक्रमण हटाने के साथ.साथ जुर्माना भी वसूल करेगा। उन्होंने कहा कि मुख्य सड़क मार्ग आम जनता की सुविधा और सुरक्षित आवागमन के लिए है और इस पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा या रुकावट कानूनन दंडनीय अपराध है। उन्होंने सभी दुकानदारों से अपेक्षा की है

# बिलासपुर में महिलाओं के लिए तीन माह का सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू




**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** 10खंड परियोजना प्रबंधक इकाई बिलासपुर डॉ. पवन कुमार ने बताया कि हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना के अंतर्गत खण्ड परियोजना प्रबंधन इकाई बिलासपुर द्वारा आजीविका गतिविधियों के तहत ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से तीन माह का सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। यह प्रशिक्षण 3 नवम्बर से आरंभ हुआ हैए जिसमें माकड़ीए कमलोटाए संगराना और कोठी बताला.ज्योरा पंचायतों की 15 महिलाओं को प्रशिक्षण के लिए चयनित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण का संचालन एक मास्टर ट्रेनर द्वारा किया जा रहा है, जो प्रतिभागी महिलाओं को सिलाई की आधुनिक तकनीक और व्यावहारिक कौशल सिखाएंगे। इस प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रतिभागी महिलाओं को विभाग द्वारा प्रत्येक माह प्रशिक्षण मानदेय भी प्रदान किया जाएगा ताकि वह आर्थिक रूप से सशक्त महसूस कर सकें।

# एनएसयूआई की विचारधारा सबको साथ लेकर चलने की: सुंदर ठाकुर

**निर्माण**

**कहा: कुल्लू कालेज के लिए बनेगी विशाल पार्किंग, लिफ्ट का होगा निर्माण**



**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू।** कुल्लू कॉलेज में एनएसयूआई द्वारा कल्चरल फेस्ट का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि कुल्लू के विधायक सुंदर ठाकुर रहे। उनका कॉलेज पहुंचने पर एनएसयूआई ने ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर एनएसयूआई के छात्रों ने विभिन्न कार्यक्रमों को पेश किया। जिसमें कुल्वी नाटी, हिमाचली फैशन शो,ग्रुप सौंग सहित विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम पेश किए गए। इस अवसर पर कुल्लू के विधायक सुंदर ठाकुर ने कहा है कि एनएसयूआई की आयोडोलॉजी सबको साथ लेकर चलने की है उन्होंने कहा कि ब्यास नदी के तटीकरण के बाद कुल्लू कॉलेज के लिए एक विशाल पार्किंग का निर्माण किया जाएगा और बच्चों को कॉलेज कैंपस तक पहुंचने के लिए लिफ्ट का निर्माण होगा। वे यहां एनएसयूआई के कल्चरल फेस्ट को संबोधित करते हुए बोले कि युवा देश की ताकत है और देश का भविष्य है। इसलिए आज के युवाओं को आत्मविश्वास, आत्म सयम व लग्न से कार्य करना चाहिए। ताकि कल का भविष्य आत्म विश्वास से देश को चला सके इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि हिमाचल फैशन शो ने सबका मन मोह लिया है।

# कंगना रनौत ने अधिकारियों से विकास लक्ष्यों को समय पर पूरा करने का आह्वान किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**



**कुल्लू।** केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विभिन्न विभागों के माध्यम से क्रियान्वित हो रही योजनाओं में जहां कमी है इनका शीघ्र समाधान किया जाना चाहिए ताकि लाभार्थियों और आम जनता को समय पर एवं वांछित लाभ मिल सके। बैठक की गंभीरता को रेखांकित करते हुए, रनौत ने बैठक में उठाए गए बिजली, पानी और सड़क संबंधी बुनियादी ढाँचे से जुड़े मुद्दों से निपटने के लिए विशिष्ट निर्देश जारी किए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को इन मुद्दों का मौके पर जाकर निरीक्षण करने और स्थानीय समुदायों को प्रभावित करने वाली समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देने के लिए नुक्कड़ नाटक तथा लघु वृतचित्र के माध्यम से प्रचार कर लोगों को प्रेरित करें । उन्होंने नशे की बुराई से निपटने के लिए प्रभावी रूप से कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग से योग, शास्त्रीय संगीत, गीता और पुराण जैसे विषयों को पाठ्यक्रम में शामिल करने का आग्रह किया ताकि बच्चे अपनी पुरातन एवं पारंपरिक ज्ञान परम्परा के बारे में भी पारंगत हो सकें। उपायुक्त तोरुल एस रवीश ने सांसद सहित सभी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी का स्वागत किया और आश्वासन दिया कि समिति के सुझावों पर पूरी निष्ठा से अमल किया जाएगा। बैठक में एसपी कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन, अतिरिक्त जिला आयुक्त अश्वनी कुमार सहित आदि

# एन.एस.एस. सात दिवसीय शिविर का समापन समारोह आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**



**मंडी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुटाहची में आयोजित सात दिवसीय एन.एस.एस. शिविर का समापन समारोह अत्यंत उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक प्रधानाचार्य हेमराज ने की। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पंचायत समिति अध्यक्षा विकासखंड गोहर कल्पना ठाकुर उपस्थित रहीं। ग्राम पंचायत कुटाहची की प्रधान एवं एस.एम.सी. प्रधान कुसुम लता भी इस अवसर पर उपस्थित रहीं। इसके अतिरिक्त लगभग 20 से 25 अभिभावक तथा केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला का पूरा स्टाफ भी कार्यक्रम में शामिल रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ एन.एस.एस. प्रभारी हरीश कुमार ने दीप प्रज्वलन और स्वागत भाषण के साथ किया। उन्होंने सात दिवसीय शिविर की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की और सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस शिविर में कुल 16 एन.एस.एस. स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने परेड, स्वागत गीत, समूह गीत, एकल गीत एवं नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सभी अतिथियों और उपस्थित जनों ने सराहना की। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि कल्पना ठाकुर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को अपने जीवन में पारिवारिक संस्कार, नशामुक्ति, अनुशासन और जिम्मेदार नागरिक बनने के गुण अपनाने चाहिए। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। अंत में कार्यक्रम अधिकारी हरीश कुमार ने शिविर को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, विद्यार्थियों एवं ग्रामवासियों का दिल से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। समारोह के उपरांत सामूहिक भोज का भी आयोजन किया गया।

# नम्होल स्कूल में एनएसएस स्वयंसेवियों ने सीखे आग से बचने के गुर



**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नम्होल में सात दिवसीय शिविर के छठे दिन का शुभारंभ प्रभात फेरी के साथ हुआ। इसके उपरांत स्थानीय पाठशाला के शारीरिक शिक्षक राजेंद्र सिंह ने सभी स्वयंसेवियों को योग करवाया। एनएसएस प्रभारी कमल शर्मा व एनएसएस प्रभारी निशी राणा के मार्गदर्शन में पाठशाला के विशाल खेल के मैदान की साफ सफाई की। सभी स्वयं सेवियों ने दोपहर तक कार्य किया। तत्पश्चात पाठशाला में स्वयं सेवियों ने सायंकाल के बौद्धिक सत्र में जिला फायर ऑफिसर जितेंद्र कुमार ने प्राकृतिक आपदा, आग लगने के कारणों और अग्नि शमन की विस्तृत जानकारी दी।

# हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार ने लगातार किया जनता के साथ धोखा : मनोहर शर्मा

**बिलासपुर, कश्मीर ठाकुर।**



आजाद हिंद क्रांतिकारी पाटी यानि एएचपीके संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा राष्ट्रीय समर्थक सदस्य मनोहर शर्मा ने प्रदेश की वर्तमान सरकार पर तंज करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार आपदा प्रभावित लोगों का ध्यान भटकाकर अपने ही विधायकों व मंत्रियों के हित में लगी हुई है। सरकार की शह में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अत्याचार को लेकर कोई बात नहीं की जा रही है जबकि विधानसभा में जो विधायक जनता द्वारा चुनकर भेजे जाते हैं। उनका दायित्व है जो जनता की समस्याओं को वहां पर सुलझाने का प्रयास करें। उनके लिए सही नीति बनाएं परंतु हिमाचल प्रदेश का दुर्भाग्य है कि विधानसभा में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार या उचित निर्णय की बातें कोई भी विधायक नहीं करता है। शर्मा ने बताया कि आपदा के समय अब और पहले भी मोदी सरकार ने कई हजार करोड़ रुपये हिमाचल प्रदेश को आपदा राहत के लिए दिए जो की धरातल पर नहीं पहुंच सके, न ही उक्त पात्र को मिल सके। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार ने अपने ही सुख के लिए सारे धन को खर्च कर दिया और वहीं मगरमच्छ आंसू रोने वाली सरकार केंद्र सरकार पर अपनी नाकामी का ठीकरा फोड़ती है। उन्होंने केंद्र सरकार से अनुरोध करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में चल रहे भ्रष्टाचार को रोकने सभी मंत्रियों की संपत्ति की सीबीआई द्वारा जांच करवाई जाना जनहित में उचित होगा।

# नगर क्षेत्र रिवालसर में भारी पेयजल संकट, पिछले 15 दिनों से पेयजल आपूर्ति प्रभावित

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**



**मंडी।** नगर क्षेत्र रिवालसर की जनता पिछले कई महीनो से भारी पेयजल संकट से जूझ रही है। वर्तमान हालात यह है की बार्ड-2 और तीन में पिछले पंद्रह दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप पड़ी हुई है । पानी को लेकर लोगों में हाहाकार मचा हुआ है। आम जनता से लेकर होटल कारोबारी पानी की बून्द बून्द को तरस रहे है लेकीन विभाग के कानों में कोई जूँ तक नहीं रेंग रही है । कहने को तो रिवालसर नगर क्षेत्र की जनता के लिये तीन- तीन पेयजल योजनाओं से पानी की आपूर्ति की जा रही है। बाबजूद आएदिन लोगों को भारी पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। करोड़ो रुपये खर्च कर तैयार की गई पेयजल योजनाएं अब शहरवासियों के लिए सफेद हाथी बन के रह गई है। । नगर पंचायत रिवालसर के उपाध्यक्ष कश्मीर सिंह यादव, मनोनीत पार्षद रोजी सोनी सहित अन्य लोगों की माने तो पेयजल भंडारों में पानी की कोई कमी नहीं है लेकिन जगह-जगह से पाइप लाइनों के टूटने से हाजरों लीटर पानी व्यर्थ में वह रहा है । उन्होंने पानी के वितरण को लेकर भी विभागीय लोगों पर कई प्रश्न चिन्ह खड़े किये है । लोगों ने जल्द समस्या हल न होने पर विभाग के कार्यलय तक की तालाबंदी करने की चेतावनी दी है। वहीं विभाग की माने तो टू लेन सड़क निर्माण में जुटी कंपनी द्वारा रिवालसर बाजार में बिछाई गई पेयजल पाइपों को बार बार क्षति पहुंचाने से पेयजल आपूर्ति बाधित हो

# एनडीएमए विशेषज्ञ टीम ने सेराज क्षेत्र के आपदा प्रभावित इलाकों का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**



**मंडी।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) की क्षेत्रीय विशेषज्ञ टीम आपदा पश्चात आवश्यकता आकलन (पीडीएनए) 2025 के तहत मंडी जिले के दौरे पर है। मंगलबार को टीम ने सेराज विधानसभा क्षेत्र के आपदा प्रभावित इलाकों डेजी, बुगरालचौंक, कुथाह, पांडवशिला, थुनाग और बगस्याड का दौरा किया। इन क्षेत्रों में 30 जून को आई भयंकर आपदा के दौरान भारी भूस्खलन और वर्षा से जन-धन की व्यापक हानि हुई थी।
टीम ने मौके पर क्षति का निरीक्षण किया और प्रभावित परिवारों, पंचायत प्रतिनिधियों तथा विभागीय अधिकारियों से बातचीत कर राहत एवं पुनर्वास कार्यों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। विशेषज्ञों ने पुनर्निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, सुरक्षा और दीर्घकालिक स्थायित्व को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया।
निरीक्षण से पूर्व एनडीएमए टीम ने मंडी में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ एक समन्वय बैठक की। बैठक में राजस्व, लोक निर्माण, जल शक्ति, विद्युत, शिक्षा, कृषि, मृदा संरक्षण, बागवानी और स्वास्थ्य विभागों के अधिकारियों ने आपदा से हुई क्षति और चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। विशेषज्ञों ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए आपदा-जोखिम घटाने, जल निकासी सुधारने, और ढलान स्थिरीकरण जैसे उपायों पर सुझाव दिए। इसके बाद टीम ने जंजैहली स्थित लोक निर्माण विभाग कार्यालय में स्वयं सहायता समूहों, आशा कार्यकर्ताओं और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की।

# आदर्श शिक्षा महाविद्यालय में विकासात्मक कौशलों पर अतिथि व्याख्यान

**बिलासपुर, कश्मीर ठाकुर**

आदर्श शिक्षा महाविद्यालय में भूपेंद्र कुमार द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ कालेज अध्यक्ष दीनानाथ शर्मा की अनुमति से किया गया। इसमें भूपेंद्र कुमार द्वारा प्रशिक्षु अध्यापकों को विभिन्न प्रकार के संचार कौशलों व व्यक्तित्व विकास के बारे में जानकारी दी गई कि किसी भी व्यक्ति का व्यक्तित्व उसके लिए अहम भूमिका निभाता है। कोई भी व्यक्ति अपना व्यक्तित्व का विकास कर सकता है, व्यक्तित्व में सिर्फ हमारा बाहरी रूप सम्मिलित नहीं होता है, बल्कि इसमें इंसान का आंतरिक व्यवहार, रूझानए सोच आदि सभी सम्मिलित होते हैं।

# गुरु नानक देव जी के 556वें प्रकाश पर्व पर मंडी में धार्मिक उल्लास

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी।** मंडी में स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु गोबिंद सिंह जी में गुरु नानक देव जी महाराज का 556वां प्रकाश पर्व बड़ी श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ 30 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक होने वाली प्रभात फेरी से हुआ, जो प्रतिदिन सुबह 5 बजे निकाली जा रही है। सोमवार, 3 नवम्बर को आरंभ श्री अखंड पाठ साहिब किया गया, जबकि बुधवार, 5 नवम्बर को भोग श्री अखंड पाठ साहिब संपन्न होगा। मंगलवार, 4 नवम्बर को सुबह 5 बजे से 9 बजे तक अमृत वेला नगर कीर्तन निकाला गया, जिसमें भाई महिपाल सिंह और भाई परसजीत सिंह खालसा सहित कई जथों द्वारा शबद कीर्तन किया जाएगा। इसके अलावा बुधवार, 5 नवम्बर को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक कीर्तन दरबार का आयोजन होगा। कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रसिद्ध रागी जत्थे और ज्ञानी संगत शामिल होंगे। इस मौके पर भाई बचनजीत सिंह जी (लुधियाना) का आगमन भी होगा। पूरे कार्यक्रम के दौरान लंगर की निरंतर व्यवस्था रहेगी। गुरुद्वारा प्रबंधक समिति ने श्रद्धालुओं से विनम्र निवेदन किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर गुरु महाराज के इस पावन पर्व का लाभ प्राप्त करें।

# यूनिवर्सिटी इंटर कॉलेज खेलों में बीजीसी मंडी का दबदबा

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**



**मंडी।** सरदार पटेल यूनिवर्सिटी 1st इंटर कॉलेज पुरुष व महिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप में Vgc Mandi की वॉलीबॉल टीम ने दिनों वर्ग में दूसरा स्थान हासिल किया। ये प्रतियोगिता जवाहलाल नेहरू गवर्नमेंट कॉलेज हरिपुर मनाली में 30th अक्टूबर से 1st नवम्बर 2025 तक आयोजित की गई जिसमें Vgc Mandi की पुरुष टीम ने सेमी फाइनल में MLSM कॉलेज सुंदरनगर को 3 ,1 हरा कर फाइनल में जगह बनाई । वही दूसरी ओर 1gc Mandi महिला वॉलीबॉल टीम ने सेमी फाइनल में दंग at नाराला college को सीधे सेटो में 3, 0 से हरा कर फाइनल में जगह बनाई। प्रतियोगिता में पुरुष व महिला दोनों वर्ग की टीमों ने दूसरा स्थान हासिल किया। खिलाड़ियों ने इसका श्रेय डॉक्टर सुनील सेन असिस्टेंट प्रोफेसर शारीरिक शिक्षा व खेल वॉलीबॉल कोच लव गोयल टीम मैनेजर डॉक्टर सुमन भारद्वाज कोचिंग स्टाफ व सपोर्टिंग स्टाफ को दिया। इस चैंपियनशिप के साथ साथ JLN गवर्नमेंट कॉलेज हरिपुर मनाली में क्रॉस कंट्री का भी आयोजन किया गया जिसमें वल्लभ गवर्नमेंट कॉलेज मंडी पुरुष वर्ग में ओवर ऑल चैंपियन और महिला वर्ग क्रॉस कंट्री में रनरअप रहा। महिला व पुरुष वर्ग की दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन दिखाया। खिलाड़ियों ने इसका श्रेय मैनेजर डॉक्टर मनोज ऑर डॉक्टर अनीता टीम इंचार्ज को दिया। क्रॉस कंट्री व वालीबाल टीम के सभी खिलाड़ियों का कॉलेज परिसर में आज गर्मजोशी से स्वागत किया गया। खिलाड़ी व टीम कोच टीम मैनेजर ने आज प्रिंसिपल को ट्राफियां सौंपी। प्रिंसिपल डॉ सजीव गुलेरिया व डॉ सुनील सेन जी ने सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं व खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# जोगिंद्रनगर राजकीय महाविद्यालय में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया**
**संगराय**

**जोगिंद्रनगर।** राजीव गांधी स्मारक राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर नगर में 4 नवंबर को समाजशास्त्र विभाग एवं अनुसंधान एवं विकास सेल तथा समाज शास्त्र विभाग पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ के तत्वावधान द्वारा हाशियों से मुख्य धारा की ओर परलैंगिक समावेश की सामाजिक धारा विषय पर एक राष्टीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती सुनीता सिंह, संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा विभाग हिमाचल प्रदेश , ने शिरकत की। इस संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. विनोद कुमार , अध्यक्ष समाजशास्त्र विभाग पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़, मैक्स धनंजय चौहान, सदस्य परलैंगिक कल्याण बोर्ड तथा अध्यक्ष सक्षम प्रकृति कल्याण समिति, चंडीगढ़, मैक्स काजल मंगल मुखी, निदेशक मंगल मुखी मंडल उपस्थित रहें। संगोष्ठी का आयोजन प्राचार्य प्रो. निशा वैद्य की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ की गई और प्राचार्य निशा वैद्य द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया।इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य सभी में समानता के भाव का विकास करना है । मुख्य अतिथि तथा मुख्य वक्ता ने भी इस बात पर प्रकाश डाला कि समाज में बिना किसी भेदभाव के समानता,एकता व सद्भावना को विकसित करना चाहिए। मुख्य वक्ताओं ने विद्यार्थियों को अपने जीवन अनुभव द्वारा संदेश देने का प्रयास भी किया और मुख्य अतिथि महोदया ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम महाविद्यालय में हमेशा होते रहने चाहिए ताकि विद्यार्थियों को सीखने का मौका मिल सके।
इस संगोष्ठी में जोगिंद्रनगर महाविद्यालय के अतिरिक्त अन्य महाविद्यालयों के शिक्षकों ने भी ऑनलाइन तथा ऑफलाइन रूप से भाग लिया । इस कार्यक्रम की मुख्य संयोजिका प्रो. कौमुदी शर्मा थी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षक, ग़ैर शिक्षक भी उपस्थित रहे तथा लगभग300 विद्यार्थीयों ने भी इस संगोष्ठी में उत्साह के साथ हिस्सा लिया। विद्यार्थियों द्वारा कार्यक्रम को सांस्कृतिक बनाने के लिए हिमाचली नाटी प्रस्तुत की गई। प्रोफेसर डॉक्टर दीपक मोहन द्वारा सभी अतिथियों का धन्यवाद किया गया और अंत में राष्ट्रगान के गायन द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया।

# कांगड़ा सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक में भ्रष्टाचार का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल शर्मा**

**नेरचौक।** कांगड़ा सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड (केसीसीबी) के खिलाफ गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए हैं। बैंक के पूर्व प्रबंध निदेशक और आठ वरिष्ठ अधिकारियों पर शिकायतकर्ता युद्ध चंद बैंस ने आपराधिक शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि बैंक अधिकारियों ने जानबूझकर ऋण से संबंधित अभिलेखों में हेरफेर की, महत्वपूर्ण दस्तावेज नष्ट किए और होटल हिमालयन स्नो विलेज, मनाली से जुड़ी संपत्ति फाइल से पृष्ठ गायब किए।शिकायतकर्ता के अनुसार, यह वित्तीय षड्यंत्र उनकी संपत्ति की वास्तविक कीमत को कम दिखाने और बैंक लाभार्थियों को अनुचित फायदा पहुँचाने के उद्देश्य से रचा गया था। रिपोर्टों के मुताबिक, केसीसीबी मुख्यालय धर्मशाला के रिकवरी अनुभाग में रखे अहम पन्ने गायब पाए गए, जिनमें संपत्ति का आरक्षित मूल्य और मूल्यांकन संबंधी टिप्पणियाँ दर्ज थीं उन्होंने सीधे तौर पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह पर निशाना साधा की यह सब उनके कहने पर ही हो रहा है । ये मेरी प्रॉपर्टी को कांग्रेस पार्टी के बड़े नेता को देकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर मेरी एफआईआर अगर रजिस्टर नहीं हुइ तो वो कोर्ट का रास्ता देखेंगे ।

# आईटीआई में एट्रोसिटी एक्ट व नशा मुक्त भारत अभियान पर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**संगराय**



**जोगिंद्रनगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जोगिंद्रनगर में आज अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम तथा नशा मुक्त भारत अभियान पर जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईटीआई की प्रधानाचार्य नवीन कुमारी ने की, जबकि जिला कल्याण अधिकारी समीर विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान खण्ड स्वास्थ्य शिक्षक शेर सिंह वर्मा ने प्रशिक्षुओं को नशे के दुष्प्रभावों, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी तथा नशामुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सभी प्रशिक्षुओं और शिक्षकों को नशामुक्त भारत की शपथ भी दिलाई गई। वहीं पुलिस विभाग से एसआई लाल चंद ने एट्रोसिटी एक्ट के प्रावधानों, कानूनी अधिकारों एवं इससे संबंधित जागरूकता पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। मुख्यातिथि प्रधानाचार्य नवीन कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि नशा युवाओं की प्रतिभा और भविष्य को नष्ट करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहकर अपने जीवन में सकारात्मक दिशा अपनाएं और समाज के लिए प्रेरणा बनें। उन्होंने कहा कि आईटीआई जैसे संस्थान केवल तकनीकी शिक्षा के केंद्र नहीं, बल्कि नैतिक एवं सामाजिक मूल्यों के विकास के भी माध्यम हैं। इस अवसर पर जिला कल्याण अधिकारी समीर ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं युवाओं में सामाजिक चेतना, समानता की भावना और आत्मानुशासन को प्रोत्साहित करती हैं।

# कर्नल तेजेंद्र सिंह पंचतत्व में विलीन: पैतृक गांव में सैन्य सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के धर्मपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत लौंगणी के तरैमला गांव में भारतीय सेना के कर्नल तेजेंद्र सिंह को मंगलवार को अंतिम विदाई दी गई। उनका अंतिम संस्कार पैतृक गांव के श्मशान घाट में पूरे सैन्य सम्मान के साथ किया गया। 50 वर्षीय कर्नल तेजेंद्र सिंह का दिल्ली में हृदय गति रुकने से निधन हो गया था। वे वर्तमान में राष्ट्रीय राइफल्स में श्रीनगर में सेवाएं दे रहे थे। जानकारी के अनुसार, वे दिल्ली से हवाई मार्ग द्वारा श्रीनगर लौटने वाले थे, तभी उन्हें हृदयाघात हुआ। कर्नल तेजेंद्र सिंह की अंतिम यात्रा में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। इस दौरान तेजेंद्र सिंह अमर रहे और भारत माता की जय के नारे गूंजे।

# रेणुका मेले में बुडाह लोकनृत्य प्रतियोगिता मे बुडाह लोकनृत्य दल हानत घाटों प्रथम स्थान पर रही

**टीम एक्शन इंडिया**
**एसपी जैरथ**

**नाहन।** अंतराष्ट्रीय श्री रेणुका जी मेला में चौथे दिन बुडाह लोकनृत्य दल की प्रतियोगिता का आयोजन जिला भाषा अधिकारी कांता नेगी द्वारा रेणुका जी विकास बोर्ड एवं भाषा संस्कृति विभाग के सौजन्य से करवाया गया । ऐतिहासिक रेणु मंच पर जिला सिरमौर में प्राचीन पारंपरिक लोकनृत्य बुडाह दल की बेहतरीन प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर तहसीलदार श्री रेणुका जी श्री जयचंद व तहसीलदार नाहन श्री उपेंद्र सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की व सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में गिरिआर हाटी कला मंच गुंडाह , शिरगुल कला मंच घाटों, गोगा वीर सांस्कृतिक कला मंच पखवान गनोग, पारंपरिक लोक नृत्य बुडाह दल हानत, गुगा महाराज बुढ़ियात सांस्कृतिक क्लब क्यारका, बुडाह नृत्य दल ऊंचा टिक्कर, भद्रास दल



गनोग, बुडाह नृत्य दल ऊंचा टिक्कर के कलाकारों ने प्रतियोगिता में भाग लिया । यह लुप्त होता पारंपरिक नृत्य जिसमे लोक गाथाएं होकू , छीछा, जगदेउ, जाग, भिन्युरी आदि गाथाओं के माध्यम से हुड़क, थाली आदि वाद्य यंत्रों का प्रयोग किया जाता है । इसमें विशेष पारंपरिक परिधान चोलटु पहना जाता है। इस प्रतियोगिता में पारंपरिक बुडाह लोकनृत्य दल हनत घाटों प्रथम स्थान , बुडाह लोकनृत्य दल सैंज द्वितीय स्थान व भद्रास दल गनोग तृतीय स्थान पर रहा । निर्णायक मंडल में लोक संस्कृति के ज्ञाता व संगीत के प्राध्यापक डॉ देवराज शर्मा, डॉ किरण बाला व संगीत प्रवक्ता श्री ओम प्रकाश जी थे। मंच संचालक की भूमिका में श्री दलीप वशिष्ठ जी थे। प्रथम , द्वितीय व तृतीय स्थान के विजेताओं को आकर्षण ट्रॉफी व 15000, 13000 व 11000 की पुरस्कार राशि रेणुका विकास बोर्ड द्वारा प्रदान की जाएगी।

# सुबाथू में 200 पेटी अवैध शराब बरामद, कुल्लू निवासी चालक गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**विशाल वर्मा**



**कसौली।** थाना धर्मपुर के अंतर्गत पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ एक और बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सुबाथू के ऊपरी ठड़ी नामक स्थान पर दबिश देकर एक ट्रक (नंबर HP30B-2006) से 200 पेटी अवैध शराब ओल्ड मोंक बरामद की है। मौके से पुलिस ने ट्रक चालक चेतराम को गिरफ्तार किया है, जो कुल्लू ज़िले का निवासी बताया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी ने यह शराब सोलन से खरीदकर अन्य क्षेत्रों में सप्लाई करने की योजना बनाई थी।पुलिस ने ट्रक को ज़ब्त कर लिया है और आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक सोलन ने बताया कि जिले में अवैध शराब व नशे के कारोबार के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस की नीति के तहत लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

# शौर्य चक्र से सम्मानित डाककर्मी बहादुर सिंह की पत्नी संदला देवी का निधन

**टीम एक्शन इंडिया**
**एसपी जैरथ**

**नाहन।** सिरमौर जिला के नाहन में सोमवार की सुबह एक दुखद घटना घटी, जब शौर्य चक्र से सम्मानित डाककर्मी स्वर्गीय बहादुर सिंह की धर्मपत्नी और भाजपा जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत की चाची संदला देवी का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। संदला देवी ने प्रात: करीब 8 बजे अपने पैतृक गांव सागंना में अंतिम सांस ली, जिससे पूरे महल क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। संदला देवी अपने पीछे चार बेटों— दलीप सिंह, जगदीश कुमार, जगपाल सिंह, और अमृत सिंह—का भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनके पुत्रों में जगपाल सिंह भारतीय डाक विभाग में पोस्टल असिस्टेंट के पद पर कार्यरत हैं जबकि अमृत सिंह भारतीय सेना में देश की सेवा कर रहे हैं। संदला देवी का जुड़ाव एक ऐसी गौरव गाथा से है, जिसने पूरे देश को उनके पति बहादुर सिंह की बहादुरी और ईमानदारी पर गर्व करने का



अवसर दिया था। उनके पति स्वर्गीय बहादुर सिंह भारतीय डाक विभाग में पोस्टमैन के पद पर नालागढ़ में कार्यरत थे। अपनी ड्यूटी के दौरान, उनके पास सरकारी खजाने के 9 लाख रुपये का कैश था, जिसे जमा करवाने वह बैंक जा रहे थे। रास्ते में कुछ अज्ञात लुटेरों ने उनसे पैसा लूटने के लिए उन पर गोली चला दी। बहादुर सिंह ने उस नाजुक क्षण में अपनी जान की परवाह किए बिना भी, कर्तव्यनिष्ठा का ऐसा परिचय दिया कि उन्होंने पैसे से भरा हुआ सूटकेस नहीं छोड़ा। उनकी बहादुरी की पराकाष्ठा यह थी कि लुटेरे सूटकेस छीनने के लिए उन्हें करीब 70 मीटर तक घसीटकर ले गए, और लुटेरे तब ही पैसे लेने में कामयाब हुए, जब बहादुर सिंह ने अपने प्राण त्याग दिए। उनकी अद्वितीय ईमानदारी और अदम्य बहादुरी को ध्यान में रखते हुए, देश के तत्कालीन महामहिम राष्ट्रपति स्वर्गीय डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने उन्हें मरणोपरांत सम्मानित किया था।

# यूरोकिड्स (कोटानाला) में हुआ हेल्थ इस वैल्थ डे का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष**

**सोलन।** आज दिनांक 04-11-25 को यूरोकिड्स (कोटानाला) प्ले स्कूल में "हेल्थ इस वैल्थ डे" (स्पोर्ट्स डे) का आयोजन किया गया। इस आयोजन के तहत आज स्कूल की सभी कक्षाओं की स्पोर्ट्स प्रतियोगिताएँ हुई। सभी बच्चों ने बढ़ चढ़ कर बड़े ही उत्साह से प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम में सिंपल रेस, हर्डल रेस, फ्रॉग रेस व अन्य कई स्पोर्ट्स कराए गए सारा कार्यक्रम स्कूल की प्रिंसिपल मिसेज़ सीमा बहल , डायरेक्टर शोभित बहल की देखरेख में सम्पन्न हुआ। मिसेज़ सीमा बहल ने बताया की ऐसे कार्यक्रम से बच्चों का शारीरिक विकास होता है और बच्चों का आत्म विश्वास भी



बढ़ता है। अन्त में प्रतियोगियों की पुरस्कार वितरण किया गया। विजेताओं के नाम इस प्रकार हैं। । - शौर्य, कीरत , श्रेयस, विहान , अवयुक्तआ , वैभवी , प्रयाण , समदर्श II - मानविक , प्रव्य , कनाव , माधव , मिताक्षी , सारिका , शारविल, अरिहान III - अबीर , रीति , तन्मय , आर्ष , दिविशा , तेनजिन , आयांश , आद्विक।

# राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल अन्तर्राष्ट्रीय श्री रेणुका जी मेले के समापन अवसर पर होंगे मुख्य अतिथि

**एसपी जैरथ**

**नाहन।** जिला सिरमौर के प्रसिद्ध अन्तर्राष्ट्रीय श्री रेणुका जी मेला के समापन अवसर पर 05 नवम्बर को राज्यपाल हिमाचल प्रदेश श्री शिव प्रताप शुक्ल मुख्य अतिथि होंगें। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि इस दौरान माता रेणुका जी तथा भगवान परशुराम सहित अन्य देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त करने के उपरांत दोपहर 1:45 बजे रेणुका जी प्रदर्शनी स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन करेंगे। राज्यपाल हिमाचल प्रदेश दोपहर 2:35 बजे रेणु मंच से 6 दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय श्री रेणुका जी मेला के समापन समारोह पर अपना संबोधन प्रस्तुत करेंगे तथा पुरस्कार वितरण भी करेंगे। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल सायं 6:00 बजे रेणुका जी स्थित देवघाट पर श्री रेणुका माता की आरती में भी भाग लेंगे

# कसौली में 62 ग्राम चिट्टा सहित चार युवक गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**विशाल वर्मा**



**कसौली।** सोलन जिला पुलिस ने नशा तस्करी के विरुद्ध अपनी ज़ीरो टोलरेंस नीति के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए कसौली में चार युवकों को 62.13 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) सहित गिरफ्तार किया है। एसआईयू सोलन की टीम को गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली, जिसके आधार पर छतरी मोड़ कसौली में एक पंजाब नम्बर स्विफ्ट कार से ये युवक पकड़े गए। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विरेन्द्र सिंह निवासी जालंधर (26), लखविन्द्र (21), कुनाल (25) और किथू मट्टू (20) सभी निवासी लुधियाना, पंजाब के रूप में हुई है। जांच में खुलासा हुआ कि ये आरोपी चिट्टा कसौली, धर्मपुर और आसपास के क्षेत्रों में युवाओं को बेचने की फिराक में थे। तीन आरोपियों के खिलाफ लुधियाना के विभिन्न थानों में झगड़े के पुराने मामले दर्ज हैं। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धाराओं 21 और 29 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### विधानसभा उपाध्यक्ष ने 47.60 लाख से निर्मित भवन का किया उद्घाटन



**टीम एक्शन इंडिया**
**एसपी जैरथ**

**नाहन।** प्रदेश सरकार दूर दराज क्षेत्रों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा घर द्वार पर प्रदान करने में लगातार कार्य कर रही है। ताकि गांव व दूरदराज क्षेत्र के बच्चों का भी सर्वांगीण विकास हो सके। यह बात उपाध्यक्ष हिमाचल प्रदेश विधानसभा विनय कुमार ने ग्राम पंचायत थाना कसोगा के राजकीय उच्च विद्यालय धायली में 47.60 लाख रुपये से निर्मित तीन कमरों के उद्घाटन के उपरांत जनसभा को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश को शिक्षा के क्षेत्र में प्रथम राज्य बनाने के लिए सबको मिलकर कार्य करना होगा और शिक्षा के स्तर में सुधार करना होगा। उपाध्यक्ष ने शिक्षा विभाग को स्कूल की चारदीवारी व मुख्य द्वार का प्राक्कलन बना कर निदेशालय भेजने के निर्देश दिए ताकि इसके लिए धन का प्रावधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में ही धायली स्कूल का दर्जा उच्च करवाया गया था ताकि यहां के बच्चों को दूर शिक्षा ग्रहण करने के लिए न जाना पडे। उन्होंने कहा कि ददाहू से तिरमली सड़क का टेंडर लगा दिया गया है तथा दो करोड़ रुपये की लागत इस सड़क का सुधारीकरण का कार्य शीघ्र ही आरंभ करवा दिया जाएगा। इस दौरान उपाध्यक्ष ने लोगों की समस्याओं को भी सुना

### सोलन ज़िला में लगाई जाएगी स्वतंत्रता सेनानियों की जीवनी पर आधारित प्रदर्शनी



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष**

**सोलन।** उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि ज़िला प्रशासन तथा हिमाचल फोटो गैलरी ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में सोलन में स्वतंत्रता सेनानियों की जीवनी पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी। मनमोहन शर्मा ने कहा कि यह प्रदर्शनी सोलन ज़िला के नगर निगम सोलन के हॉल में 27, 28 व 29 नवम्बर, 2025 को लगाई जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि इस प्रदर्शनी में हिमाचल विशेषकर सोलन ज़िला के स्वतंत्रता सेनानियों के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान, इतिहास और बलिदान के विषय में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति और राष्ट्र प्रेम को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में पझौता के स्वतंत्रता सेनानियों और प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री स्व. डॉ. वाई.एस. परमार की जीवनी को भी प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी को देखने के लिए स्कूल व महाविद्यालय के विद्यार्थियों व शिक्षकों को बुलाया जाएगा ताकि वह हिमाचल तथा सोलन के स्वतंत्रता सेनानियों के स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए योगदान से रू-ब-रू हो सके। हिमाचल फोटो गैलरी ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. अंशुक अत्री ने ज़िला सोलन में स्वतंत्रता सेनानियों के जीवनी के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए लगाई जानी वाली प्रदर्शनी के बारे में अवगत करवाया।

### टीईटी परीक्षा के दौरान छात्र स्कूल बिलासपुर के आसपास शांति बनाए रखने को आदेश जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा टीईटी.2025 की परीक्षा का आयोजन पूरे प्रदेश में किया जा रहा है। इसी परीक्षा के अंतर्गत बिलासपुर सदर उपमंडल में 5 8 और 9 नवम्बर को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (छात्र) बिलासपुर में आयोजित होंगी। परीक्षा के दौरान शांति और अनुशासन बनाए रखने के उद्देश्य से एसडीएम सदर डॉ. राजदीप सिंह ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 163 के अंतर्गत आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशों के अनुसार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (छात्र) बिलासपुर के आसपास परीक्षा दिवसों में प्रातः 8 बजे से सांय 6 बजे तक किसी भी प्रकार के सामाजिक, सांस्कृतिक या राजनैतिक कार्यक्रम, जुलूस, रैली, नारेबाजी या हड़ताल पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। आदेशों में परीक्षा केंद्रों के समीप लाउडस्पीकर के प्रयोग, निर्माण कार्य, टेंट या स्टेज लगाने अथवा हटाने के कार्य तथा किसी भी प्रकार के हथियार, लाठी, गोला.बारूद, तलवार या अन्य घातक वस्तुएं ले जाने पर भी रोक लगाई गई है। एसडीएम ने जारी आदेशों में कहा कि परीक्षा के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है ताकि अभ्यर्थियों को परीक्षा देने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि यह आदेश 5 8 और 9 नवम्बर को निर्धारित समयावधि तक प्रभावी रहेगा। उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देश दिए हैं

# अंतरराष्ट्रीय रेणुका मेले में दिया प्लास्टिक मुक्त भारत का संदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**एसपी जैरथ**

**नाहन।** लोगों को प्लास्टिक मुक्त भारत का संदेश देते हुए आज अंतर्राष्ट्रीय स्तरीय रेणुका जी मेले परिसर में पहाड़ी समाज पर्यावरणीय कवच फाउंडेशन , एकल अभियान गतिविधि विभाग सिरमौर और संगड़ाह कॉलेज की एनएसएस यूनिट ने जागरूकता रैली निकाली गई। पूरे मेला क्षेत्र में रैली निकाल कर मेले में पहुंचे लोगो से सिंगल यूज़ प्लास्टिक को इस्तेमाल न करने की अपील की। पहाड़ी समाज पर्यावरणीय कवच फाउंडेशन के सदस्य सुरेंद्र सिंह ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय रेणुका जी मेले के दौरान बड़ी संख्या में बाहरी राज्यों से आने वाली व्यापारी प्लास्टिक का इस्तेमाल करते हैं जिसे देखते हुए फाउंडेशन ने जागरूक करने और मेला क्षेत्र को स्वच्छ




बनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा की गत वर्ष भी फाउंडेशन द्वारा कई टन प्लास्टिक का कचरा मेला क्षेत्र से इकट्ठा किया गया था। एकल अभियान गतिविधि विभाग सिरमौर प्रमुख रणदीप शर्मा ने बताया कि एक कल अभियान से जुड़े लोगों द्वारा एनएसएस के स्वयंसेवकों और पर्यावरणीय कवच फाउंडेशन के साथ मिलकर जागरूकता रैली का आयोजन किया जा रहा है और लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम की इस जन्म स्थल पर किसी भी तरीके से गंदगी न फैले इस मकसद के साथ मेला क्षेत्र में पहुंचे सभी लोगों से प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने की अपील की जा रही है साथ ही लोगों द्वारा फेके गए प्लास्टिक के द्वारा उठाया जा रहा है।

# कुठेड़ा स्कूल में एनएसएस शिविर संपन्न

**बिलासपुर, कश्मीर ठाकुर।**

मुख्यमंत्री आदर्श राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुठेड़ा में एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन प्रधानाचार्य जगदीप सिंह ठाकुर द्वारा किया गया। एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. सुनील शर्मा नें बताया कि इन 7 दिनों में स्वयंसेवियों ने कुठेड़ा में क्षेत्र के आसपास के प्राकृतिक जल स्रोतों की सफाई की। कुठेड़ा में क्षेत्रीय अस्पताल, पशुपालन चिकित्सालय, ग्राम पंचायत भवन के परिसर, प्राथमिक केंद्रीय विद्यालय मे भी सफाई अभियान चलाया। भेल गांव में स्थित बड़ू देवता मंदिर के परिसर में सफाई के साथ.साथ, रास्तों एवं जल स्रोतों के आसपास लगी हुई कांटे की झाड़ियां को भी साफ किया गया।

# एनएसएस विशेष शिविर के चौथे दिवस पर स्वास्थ्य पर जागरूकता कार्यक्रम



**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पंजगाई में एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर के चतुर्थ दिवस पर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य राजपाल मैहता तथा स्रोत वक्ता के रूप में सीएचसी पंजगाई से स्वास्थ्य प्रशिक्षक पृथ्वी पठानिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेन्द्र पाल चड्डा ने की। पठानिया ने स्वयंसेवियों को एड्स, एचआईवी और नशा मुक्ति के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी तथा समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। मुख्यातिथि मैहता ने विद्यार्थियों को देश निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर स्वयंसेवियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। शिविर में कुल 48 स्वयंसेवी भाग ले रहे हैं।

# सुबाथू में धूमधाम से मनाई गई गुरु नानक देव जयंती

**टीम एक्शन इंडिया**
**विशाल वर्मा**

**कसौली।** जिला सोलन की छावनी सुबाथू में गुरु नानक देव जी का 556वां प्रकाश पर्व बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह गुरुद्वारे में गुरुग्रंथ साहिब का अखंड पाठ सम्पन्न होने के बाद नगर कीर्तन का आयोजन किया गया।नगर कीर्तन के दौरान पंज पीर, निशान साहिब और बच्चों की झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। सिख युवाओं ने तलवारबाज़ी और गातका कला के अद्भुत करतब दिखाकर सभी का दिल जीत लिया। इसके साथ ही सजे-धजे घोड़े के डांस ने भी दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। नगर कीर्तन के मार्ग पर स्थानीय लोगों ने श्रद्धा से लंगर और



छबील की व्यवस्था की। पूरा सुबाथू शहर 'वाहे गुरु जी का खालसा, वाहे गुरु जी की फतेह' के जयकारों से गूंज उठा।

# डे-केयर सेंटर डियारा सेक्टर में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** नगर के डियारा सेक्टर में मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए संचालित डे-केयर सेंटर में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 18 बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं ने अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई और चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त किया। शिविर में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जितेंद्र ने अपनी नि:स्वार्थ सेवा प्रदान की। उन्होंने उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति की न



केवल गहन स्वास्थ्य जांच की, बल्कि उन्हें स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए विस्तृत मार्गदर्शन भी दिया। एक स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण तभी संभव है जब उसके नागरिक स्वस्थ हों। उन्होंने छोटे-छोटे बदलाव, जैसे कि रोजाना टहलना और योग करना, बड़े रोगों से बचा सकते हैं। यह शिविर डे-केयर सेंटर प्रबंधक रवि कुमार की देखरेख में किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में डे-केयर सेंटर की समर्पित टीम में स्वयंसेवक अजय कुमार, स्टाफ नर्स माया देवी ने अहम भूमिका निभाई।

# कोटीपुरा स्कूल कें एनएसएस शिविर में बच्चों ने जानी वित्तिय प्रबंधन की शैली

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोठीपुरा में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर का चैथा दिन विभिन्न गतिविधियों के साथ उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। दिन की शुरुआत प्रातः 11 बजे स्वच्छता जागरूकता रैली से हुई, जिसमें स्वयंसेवियों ने प्राथमिक पाठशाला कोठीपुरा खास न तथा आसपास के क्षेत्रों में ग्रेड.1 और ग्रेड.2 कचरे के पृथक्करण का संदेश दिया। स्वयंसेवियों ने मंदिर परिसर एवं गोद लिए गए रट गांव में पानी की बावड़ी की विशेष सफाई भी की। स्वयंसेवियों द्वारा सड़क किनारे फैले कूड़े.कचरे की सफाई की गई तथा ग्रामीणों को



स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। इसके पश्चात विद्यालय परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें छात्र.छात्राओं ने बढ़.चढ़कर भाग लिया। दोपहर बाद कैंप में ग्रामीण बैंक द्वारा प्रैक्टिकल सेशन आयोजित किया गया। जिसमें बैंक कर्मचारियों ने विद्यार्थियों को बैंकिंग सेवाओं, सरकारी योजनाओं एवं डिजिटल लेनदेन की विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों के लिए संचालित विशेष योजनाओं जैसे विद्यार्थी बचत खाता, शिक्षा ऋण, डिजिटल सेविंग सुविधा, स्कॉलरशिप से संबंधित बैंकिंग सहयोग तथा एटीएम, डिजिटल पेमेंट जागरूकता कार्यक्रम के बारे में भी विस्तार से बताया गया

**Himachal Pradesh**
**Public Works Department**

**e-Procurement Notice**

The Superintending Engineer, 7th Circle, HPPWD, Dalhousie on behalf of Governor of Himachal Pradesh invites the **percentage rate** bids in electronic tendering system for the following work under National Bank for Agriculture and Rural Development (NABARD WORK) in the District Chamba for one number of package with estimated cost totaling to **Rs. 633.83 Lakh** including maintenance for five years from the eligible contractors registered with HPPWD and HP Jal Shakti Vibhag (Contractors of HP Jal Shakti Vibhag are eligible to participate for the works having amount put to tender above Rs. 100.00 Lakh). Non registered contractors may submit the bids; however successful bidder has to register himself in appropriate class before signing the contract with appropriate authority in HPPWD.

| Division | RIDF | Name of the Work | Estimated Cost (Rs. Lacs) | | Total Cost (Rs. Lacs) | Period of Completion (Months) | Bid Security (Rs. Lacs) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Construction | Maintenance | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| Chamba | XXXI | Construction of Balance Work i/c Metalling Tarring of Link road from Chakra to Sherpur Km 0/0 to 6/955 in District Chamba (H.P.) under NABARD RIDF-XXXI (SH:- Formation Cutting, Passing Places, R/Wall, GSB, WBM-II, WBM-III, Tarring Work, CC Pavement, Side Drain And Parapets including five year routine maintenance) | 579.42 | 54.41 | 633.83 | 12 months | 12.68 |

Other details can be seen in the bidding document. The Employer shall not be held liable for any delays due to system failure beyond its control. Even though the system will attempt to notify the bidders of any bid updates, the Employer shall not be liable for any information not received by the bidder. It is the bidders' responsibility to verify the website for the latest information related to the tender.

**Last Date/Time and place for receipt of bids through e-procurement:-**

Bids can be submitted online from **Date 07 Month 11 Year 2025** to **Date 17 Month 11 Year 2025** upto **1100 Hours** and will be opened on **Date 17 Month 11 Year 2025** at **1130 Hours** in the office of **Superintending Engineer, 7th Circle, HPPWD, Dalhousie**.

For further details please log on to **https://hptenders.gov.in**

The undersigned has right to extend or cancel the bids without declaring any reasons thereof.

**Superintending Engineer,**
**7th Circle, HPPWD,**
**Dalhousie-176304.**
**Email:- hp-chm2@nic.in**
**Tel: 01899-240606.**

RO No. 4150/2025-2026

## संपादकीय

# अराजक तत्वों से सुरक्षित हों चुनाव

**लोकतंत्र** की शासन-विधा जितना उन्मुक्त करती है उतनी ही सतर्कता की भी अपेक्षा करती है। इसके सार्थक संचालन के लिए कुछ मयार्दाओं का पालन आवश्यक होता है। उन मयार्दाओं में जो उसके अस्तित्व की रक्षा करती हैं उसमें आम चुनाव की बेहद खास भूमिका है। चुनाव के माध्यम से जनता के सरोकारों का पता चलता है तथा उसकी पसंद और नापसंद की अभिव्यक्ति होती है। इसी से सरकारें बनती हैं और शासन-प्रक्रिया की नींव भी पड़ती है। हम सब देख रहे हैं कि विश्व में वे देश जो ठीक समय पर आम चुनाव करा पाते हैं और आम चुनाव की गरिमा की रक्षा कर पाते हैं वहाँ लोकतंत्र का स्वास्थ्य प्रायः ठीक रहता है। इसलिये यह जरूरी हो जाता है कि यह सुनिश्चित किया जाय कि चुनाव शांतिपूर्ण हों और उसकी शुचिता सुरक्षित बनी रहे। इसके लिए सभी राजनैतिक दलों को चुनाव की मयार्दाओं का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा। साथ ही यह भी आवश्यक होगा कि चुनाव का तंत्र निष्पक्ष रूप से चुनाव का कार्य पूरा करे और उसे काम करने की पूरी छूट दी जाय। निर्वाचन आयोग मुस्तैदी से चुनाव कराने और उसके लिए उचित व्यवस्था बनाये रखने की भरपूर कोशिश करता रहा है। इस काम में उसे सफलता भी मिली है। चूँकि चुनाव राजनीति के जीवन-चक्र की धुरी होता है और उसके परिणामों पर ही राजनेताओं का भविष्य निर्भर होता है, उसका प्रलोभन भी अत्यन्त आकर्षक होता है। लोग चुनाव को प्रभावित कर अपने पक्ष में करने को लालायित और व्यग्र रहते हैं। इससे जुड़े सब लोगों की नजर अपने लिए प्रतिस्पर्धा के बीच चुनावी सफलता को सुनिश्चित करने पर ही टिकी होती है। राजनैतिक पार्टियां भी उसी उम्मीदवार को चुनावी टिकट देकर अपना दाँव लगाती हैं जिसे जीत सकने की संभावना होती है। आज के दौर में यह चुनौती बहु आयामी हो चली है जिसमें राजनैतिक विचारधारा के साथ प्रतिबद्धता कम और कर्मठता तथा योग्यता पर जनता जनार्दन की ज्यादा नजर होती है। इसके साथ ही जाति, क्षेत्र, और भाषा भी मुख्य किरदार बन कर खास भूमिका निभा रहे हैं। यह दुर्भाग्य ही है कि जाति आज की राजनीति की प्रमुख भाषा होती जा रही है। जाति को दूर करने के लिए कटिबद्ध राजनेता चुनाव में जाति के प्रति जिस तरह समर्पित दिखते हैं वह निराशाजनक है और जाति की जड़ों को मजबूत करने वाला है। आज इन सबके जटिल समीकरण बिठाने पर ही चुनावी रणभूमि में कामयाबी मिल पाती है। जातियों के छत्रप और बाहुबली इसी तरह चुनाव जीतते हैं और मंत्री भी होते हैं। हमारे सामने खड़े उम्मीदवारों में ऐसे सफल खिलाड़ी भी दिखते हैं जो धन और बाहुबल की बदौलत आगे बढ़ते हुए अपनी पहचान बना चुके होते हैं। बढ़ती दबंगई इस परिदृश्य को नैतिक रूप से तेजी से प्रदूषित कर रही है। चुनाव आने पर अन्तर सामूहिक हिंसा बढ़ने लगती है।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
एक्शन इंडिया कार्यालय, अपोजिट एनएस कम्प्यूटर, झंडी रोड़, गीता भवन चौक सोनीपत- 131001

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

# गढ़मुकतेश्वर गंगा में दीपदान से मिल जाता है दिवंगतों को मोक्ष !

मनोज कुमार अग्रवाल

> "सम्राट् युधिष्ठिर ने जो निर्णय लिया उसके बाद जो तीर्थयात्रा निकली वह कार्तिक शुक्ल अष्टमी का ही दिन था। इसी दिन गौ पूजन करके गढ़ मुक्तेश्वर के गंगा तट पर गंगा मैदान में सम्राट युधिष्ठिर द्वारा धार्मिक संस्कार करके पिंडदान किया गया। यह देवोत्थान एकादशी थी। महाभारत युद्ध में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए यहां एकादशी से चतुर्दशी यज्ञ किया था, और इसके अगले दिन अर्थात पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान करके कथा का आयोजन किया गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की है कि इस साल ऐतिहासिक गढ़मुक्तेश्वर मेले को 'मिनी-कुंभ' के रूप में आयोजित किया"

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गढ़ मुक्तेश्वर वह पौराणिक तीर्थ है जहां शिव के गण जय विजय को मुक्ति मिली थी यहां कार्तिक पूर्णिमा पर लगने वाला मेला महाभारत कालीन अतीत से जुड़ा है।भारत की सनातन संस्कृति के लिए यह मेला और यहां का पवित्र गंगा स्नान देश और दुनिया के पर्यटन के लिए भी महत्वपूर्ण स्थान बना है।इस मौके पर दिवंगत मृतकों की स्मृति में दीपदान करने से उनकी आत्मा को शान्ति मिल जाती है ऐसी मान्यता है।

आज इस मेले का स्वरूप मिनीकुम्भ बन चुका है दस किलोमीटर क्षेत्रफल से अधिक में फैला यह मेला देश दुनिया के आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है। कार्तिक गंगा मेला केवल स्नान करने तक ही सीमित नहीं है। कार्तिक पूर्णिमा मेला एकता, भाईचारे, सांस्कृतिक विरासत और एकता का प्रतीक है। यहां से देश के विकास को नई दिशा मिलती है। प्रदेश के मानचित्र पर आने के बाद मेला विभिन्न क्षेत्रों में अपनी साख बढ़ा रहा है। अब मेले से प्रदेश को विकास और स्वदेशी का मूल-मंत्र मिल रहा है। दिल्ली से 100 किमी दूर और राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 24 से लगे, गंगा के निचले तट पर स्थित गढ़ मुक्तेश्वर में कार्तिक पूर्णिमा पर आयोजित होने वाला यह मेला यहां अनादिकाल से आ रहा है। जबकि, महाभारत युद्ध के बाद इस स्थान का महत्व और भी अधिक बढ़ गया। मेले का अतीत पांडवों और भगवान श्रीकृष्ण से भी जुड़ा है बताया जाता है कि महाभारत युद्ध के बाद गढ़ मुक्तेश्वर के गंगा तट पर भगवान श्रीकृष्ण के निर्देश पर सम्राट युधिष्ठिर ने कौरवों और पांडवों की सेना के विशाल वीर योद्धाओं और सैनिकों की आत्मा की शांति के लिए उनका तर्पण किया था। एक ओर पौराणिक साक्ष्य और तथ्य गढ़ मुक्तेश्वर के एतिहासिक सांस्कृतिक अध्यात्मिक महत्व को बयान करते हैं, वहीं आज के इतिहासकार और विद्वान भी मानते हैं कि यह स्थान द्वापर युग में भी सबसे पहले प्रसिद्ध हुआ था। क्योंकि शिवपुराण के अनुसार इस 'गढ़मुक्तेश्वर' का प्राचीन नाम 'शिववल्लभ' हुआ, अर्थात जो भगवान शिव का ही एक प्रिय



नाम है।पुराणों में गढ़ मुक्तेश्वर की महिमा काशी के समान बताया गया है, क्योंकि गढ़ मुक्तेश्वर में ही भगवान शिव ने अपनी जय और विजय नाम के गणों को महर्षि दुवार्सा के द्वारा पिशाच योनि के श्राप से मुक्ति दिलाई थी। जिसके बाद इस स्थान का नाम गणमुक्तेश्वर यानि कि गणों की मुक्ति करने वाले भगवान शिव के नाम से पड़ा था। गणमुक्तेश्वर का वह प्राचीन और ऐतिहासिक मंदिर आज भी उस पौराणिक घटना का साक्षी है।
त्रेता युग में भी गढ़मुकतेश्वर की महिमा का वर्णन है शिव पुराण के अनुसार इसी गढ़ मुक्तेश्वर के क्षेत्र में गंगा नदी के किनारे ही एक घना वन था, जिसे खाण्डव वन के नाम से जाना जाता था। इसी खांडवी वन में भगवान परशुराम ने ही शिवलिंग की स्थापना की थी। त्रेता युग का यही खांडववन, द्वापर युग में यानि महाभारत के काल में खांडव वन के नाम से अस्तित्व में आया और यही खांडव वन बाद में खांडवप्रस्थ कहलाया और उसके बाद इंद्रप्रथ बना। यही खाण्डव वन हस्तिनापुर राज्य के अधीन था इसलिए पांडवों ने खांडव वन में अपना नया राज्य स्थापित किया था।सम्राट् युधिष्ठिर के निर्णय के बाद भगवान परशुराम द्वारा स्थापित शिववर्षपुर यानी गढ़ मुक्तेश्वर के मुक्तेश्वर महादेव मंदिर में पूजा और यज्ञ आदि करके मृतकों की आत्मा की शांति के लिए तर्पण किया गया था।
सम्राट् युधिष्ठिर ने जो निर्णय लिया उसके बाद जो तीर्थयात्रा निकली वह कार्तिक शुक्ल अष्टमी का ही दिन था। इसी दिन गौ पूजन करके गढ़ मुक्तेश्वर के गंगा तट पर गंगा मैदान में सम्राट युधिष्ठिर द्वारा धार्मिक संस्कार करके पिंडदान किया गया। यह देवोत्थान एकादशी थी। महाभारत युद्ध में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए यहां एकादशी से चतुर्दशी यज्ञ किया था, और इसके अगले दिन अर्थात पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान करके कथा का आयोजन किया गया था।
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की है कि इस साल ऐतिहासिक गढ़मुक्तेश्वर मेले को 'मिनी-कुंभ' के रूप में आयोजित किया जाएगा। यह मेला उत्तर प्रदेश की गहरी आस्था, आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक विरासत का जीता-जागता प्रतीक है। यह मेला 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक चलेगा। गंगा की कल कल करती पावन लहरों के किनारे दस किलोमीटर के क्षेत्रफल में बसा तंबुओं का अस्थायी नगर और गंगा में दीपदान से तैरते जलते दीपक एक ऐसी मनोहारी छटा दशार्ते हैं जिस को एक बार देख कर ही ह्रदय आस्था और पवित्रता से आह्लादित हो जाता है। राज्य सरकार का लक्ष्य इसे पूरी श्रद्धा, अनुशासन और स्वच्छता के साथ आयोजित करना है, ताकि हर श्रद्धालु शांति और दिव्य आशीर्वाद लेकर लौटे। इस मेले में करीब 50 लाख श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। रविवार को मुख्यमंत्री ने हापुड़ जिले के गढ़मुक्तेश्वर में होने वाले वार्षिक कार्तिक पूर्णिमा मेले और अमरोहा के तिगरी मेले की तैयारियों की समीक्षा की। मेले की जगहों का हवाई सर्वेक्षण करने के बाद, उन्होंने एक समीक्षा बैठक की और संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा के किनारे करीब 40 से 45 लाख श्रद्धालु पवित्र स्नान करने और दीपदान करने आते हैं। मेले का मुख्य स्नान 5नवंबर को है। इस दिन तीस से पचास लाख श्रध्दालुओं के पहुंचने का अनुमान है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हर कीमत पर मेला किसी अप्रिय घटना से रहित संपन्न कराने की जिम्मेदारी प्रशासन पर सौंपी है। योगी स्वयं मोनिटरिंग कर रहे हैं।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं पिछले 38 वर्ष से लेखन और पत्रकारिता से जुड़े हैं)**

# कार्तिक पूर्णिमा पर करोड़ों भक्त गंगा में लगाएंगे आस्था की डुबकी

**संजय सक्सेना**

अबकी बार गंगा स्नान पर्व, कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर, कल (5 नवंबर 2025 को) मनाया जाएगा। यह पर्व हिन्दू धर्म में अत्यंत पौराणिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक महत्ता रखता है, जिसमें गंगा नदी के तट पर श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाकर मोक्ष और पुण्य की कामना करते हैं। गंगा स्नान पर्व केवल स्नान की धार्मिक क्रिया नहीं, बल्कि वह जन-जन की आस्था, पाप-निवारण, सामाजिक सहभागिता और सांस्कृतिक पहचान का पर्व है। यह पर्व भी देश के कोने-कोने से जुड़ी करोड़ों आस्थाओं को एक बार फिर पवित्र गंगा तटों पर एकत्र करेगा, जो सनातन परंपरा की जीती-जागती मिसाल है।गंगा स्नान पर्व के पीछे अनेक पौराणिक कथा एवं धार्मिक विश्वास प्रचलित हैं। मान्यता है कि इस दिन गंगा में स्नान करने मात्र से अपने पिछले जन्मों के साथ ही वर्तमान जन्म में अनजाने में किए गए पाप भी धुल जाते हैं तथा मोक्ष की प्राप्ति संभव होती है। इसे पापनाशिनी से भी संबोधित किया गया है। ऐसा विश्वास है कि गंगा स्वयं स्वर्ग से पृथ्वी पर भागीरथ के तप के कारण अवतरित हुई थी, जिससे उनके स्नान से सभी प्रकार के पाप, कष्ट और बंधन समाप्त हो जाते हैं। यही कारण है कि देवताओं तक के बारे में कहा गया है कि वे भी इस पुण्यतिथि पर पृथ्वी पर उतरकर गंगा में स्नान करते हैं और भक्तों को आशीर्वाद प्रदान करते हैं। कई शास्त्रों एवं पुराणों (जैसे पद्म पुराण) में भयंकर पापों के निवारण और मुक्ति के लिए गंगा स्नान को महत्ता दी गई है। कार्तिक पूर्णिमा के दिन विशेष आग्रह है कि सूर्योदय के समय गंगा में स्नान किया जाए, अपने सामर्थ्य अनुसार अन्न, वस्त्र आदि का दान किया जाए क्योंकि स्नान के बाद तर्पण, जप और दान पुण्य करने से उसका गुण कई गुना अधिक हो जाता है। यह पर्व ह्लदेव-दीपावलीह्व के रूप में भी प्रसिद्ध है, जब देवता भी दीप प्रज्वलित कर गंगा में आशीर्वाद देने के लिए उपस्थित माने जाते हैं।

**प्रमुख तीर्थ स्थल जहाँ सर्वाधिक स्नान होता है**

गंगा स्नान पर्व पर देशभर से लाखों श्रद्धालु गंगा के विभिन्न प्रसिद्ध तटों पर एकत्रित होते हैं। इनमें से कुछ तीर्थ स्थानों में सबसे अधिक भीड़ उमड़ती है। इसमें प्रयागराज (त्रिवेणी संगम) प्रमुख है। यहाँ गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम होता है। पर्व के समय विशाल भीड़ एकत्र होती है। हरिद्वार (हर की पौड़ी) यह देवभूमि उत्तराखंड में स्थित है।

हर की पौड़ी विश्व प्रसिद्ध गंगा घाट है। यहाँ रोजाना लाखों लोग स्नान व आरती के लिए आते हैं। कार्तिक पूर्णिमा पर यहाँ अद्भुत दृश्य होता है। वहीं एक और तीर्थ स्थल वाराणसी, जहाँ भगवान शिव की प्रिय नगरी काशी में दशाश्वमेध घाट सबसे प्रसिद्ध है, यहाँ गंगा स्नान के साथ भव्य आरती भी होती है। यहाँ गंगा स्नान करने से अद्भुत आत्मिक शांति की अनुभूति होती है।

## विचार

# लालू का नाम लेकर तेजस्वी ने भाई तेज को कैसे किया बाहर

**अजय कुमार**

बिहार विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान से ठीक पहले लालू यादव के परिवार में भाइयों के बीच का विवाद राज्य की सियासत में एक बार फिर केंद्र में आ गया है। तेज प्रताप यादव और तेजस्वी यादव के बीच जारी टकराव न सिर्फ व्यक्तिगत रिश्तों में खटास को दशार्ता है, बल्कि यह महागठबंधन की राजनीति और आरजेडी के भविष्य पर भी असर डाल सकता है। इस विवाद की वजह है तेज प्रताप को घर से बाहर निकाल दिया जाना और तेजस्वी यादव द्वारा लालू यादव द्वारा बनाई गई राष्ट्रीय जनता दल को पूरी तरह से कब्जा लेना। तेजस्वी यह दिखा रहे हैं कि बड़े भाई तेज प्रताप के अनुचित व्यवहार के चलते पिता लालू यादव का उन्हें (तेजस्वी) साथ मिल रहा है, जबकि हकीकत यह है कि स्वास्थ्य कारणों से लालू यादव राजनीति से करीब-करीब कट गए हैं, वह चाह कर भी तेजस्वी के खिलाफ नहीं जा पा रहे हैं। तेज प्रताप को घर और पार्टी से निष्कासित किए जाने का फैसला भले ही लालू यादव का बताया जा रहा हो, लेकिन हकीकत यह है कि तेजस्वी यादव ने अपने हित साधने के लिए तेज को मां-बाप से दूर करने में अहम भूमिका निभाई है। इसी के चलते तेज प्रताप अपने छोटे भाई तेजस्वी यादव के खिलाफ हमलावर हैं। वहीं कुछ लोगों का यह भी कहना है कि पार्टी और घर से बाहर किए जाने के बाद तेज प्रताप यादव सियासी रूप से ज्यादा परिपक्व नजर आ रहे हैं। उनके बयानों में लोच या हल्कापन नहीं नजर आता है। हाल के दिनों में तेज प्रताप यादव ने अपने छोटे भाई तेजस्वी यादव को नादान और बच्चा जैसे शब्दों से संबोधित किया है। एक बयान में तेज प्रताप ने कहा, अभी वो बच्चा है, चुनाव के बाद उसे झुनझुना पकड़ाएंगे। तेजस्वी यादव द्वारा तेज प्रताप के खिलाफ उनके पारंपरिक क्षेत्र महुआ में प्रचार करने से विवाद और तेज हो गया है। तेज प्रताप ने जवाब में कहा कि वे भी तेजस्वी के गढ़ राघोपुर में प्रचार करेंगे। दोनों भाई खुले तौर पर एक-दूसरे के खिलाफ मोर्चा खोलते नजर आए हैं। गौरतलब हो, लालू यादव का परिवार बिहार की राजनीति का सबसे प्रभावशाली परिवार रहा है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में तेज प्रताप और तेजस्वी के बीच की दूरी गहरी होती गई। 2017-18 के बाद से ही तेज प्रताप खुद को परिवार और पार्टी के मुख्य निर्णयों से अलग पाते रहे। तेजस्वी यादव को पार्टी की कमान मिलने के बाद यह टकराव खुलकर सामने आ गया। तेज प्रताप का मानना है कि तेजस्वी द्वारा उनकी अनदेखी की गई, जबकि तेजस्वी अपने अधिकारिक रुख पर अडिग हैं और संगठन हित में फैसले लेने की बात कहते हैं। 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में यह विवाद और बढ़ गया, जब तेज प्रताप यादव ने अपनी नई पार्टी जनशक्ति जनता दल से महुआ सीट से नामांकन किया और तेजस्वी यादव की पार्टी राजद ने भी उसी सीट से प्रत्याशी उतार दिया। दोनों अपने-अपने क्षेत्र में एक-दूसरे के खिलाफ प्रचार कर रहे हैं तेजस्वी महुआ, जबकि तेज प्रताप ने राघोपुर में प्रचार करने में संकोच नहीं किया। इसके बाद इस प्रत्यक्ष टकराव ने आरजेडी की एकता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। तेज प्रताप यादव द्वारा झुनझुना पकड़ाने और दूध का दांत भी नहीं टूटा जैसे शब्दों का इस्तेमाल केवल व्यक्तिगत असंतोष ही नहीं, बल्कि सार्वजनिक रूप से तेजस्वी की नेतृत्व क्षमता और सियासी समझ को चुनौती देने का एक तरीका भी है। दूसरी ओर, तेजस्वी यादव अपने विकास पुरुष और नई पीढ़ी के नेता की छवि को लगातार मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि तेजस्वी के दबाव के चलते ही परिवार के अन्य सदस्य, मसलन राबड़ी देवी ने हाल ही में बयान दिया कि तेज प्रताप से राजद का रिश्ता खत्म हो सकता है, लेकिन वे उनके बेटे हैं और रहेंगे। सोशल मीडिया पर भी समर्थकों के बीच खासी बहस छिड़ी है।

कुछ लोग तेज प्रताप का पक्ष ले रहे हैं तो कुछ तेजस्वी का। तेज प्रताप के पक्षधर मानते हैं कि वे अपने क्षेत्र के लिए लड़ रहे हैं, वहीं तेजस्वी समर्थक उन्हें पार्टी विरोधी और परिवार विरोधी ठहराते हैं। बहरहाल, दोनों भाइयों के बीच तनाव के चलते आरजेडी की एकता और महागठबंधन की मजबूती पर प्रतिकूल असर पड़ता दिख रहा है। भाजपा और जदयू जैसी विरोधी पार्टियां इसका फायदा उठाकर जातीय समीकरण साधने की कोशिश कर रही हैं। वहीं कहा यह भी जा रहा है कि मुस्लिम-यादव

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन इंडिया कार्यालय, कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 से प्रकाशित एवं अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से मुद्रित।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
स्थानीय संपादक : पंकज शर्मा ( 9418026789)
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001
एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## ब्यूटी टिप्स

# विटामिन-सी से सौन्दर्य

**-शहनाज हुसैन**

**अगर आ**प अपने सौन्दर्य बिशेषज्ञ को त्वचा के लिए बेहतरीन प्रकृतिक खाद्य पदार्थों के बारे में पूछेंगी तो विटामिन सी की खुराक शायद सबसे टॉप पर होगी / विटामिन सी को शरीर में सप्लीमेंट या डाइट द्वारा ही लिया जा सकता है तथा इसकी शरीर में प्रकृतिक रूप में उत्पति नहीं होती /

विटामिन सी की गणना सबसे प्रभाबी और सुरक्षित पौषक तत्वों में की जाती है जोकि आंबला और अमरुद जैसे शाकाहारी भोज्य पदार्थों में सर्बाधिक पाया जाता है / यह पालक ,मूली , अंकुरित अनाज ,संतरे , हरी और लाल मिर्च , ब्रॉक्ली ,पपीते , स्ट्रॉबेरी , अनानास , कीवी और आम जैसे फलों , सब्जियों में भरपूर मात्रा में पाया जाता है /

डॉक्टरों की माने तो ब्यस्क पुरष को रोजाना 90 मिली ग्राम और महिला को रोजाना 75 मिलीग्राम विटामिन सी का सेवन करना चाहिए / गर्भबती महिलाओं को लगभग 85 मिलीग्राम तथा स्तनपान करबाने बाली महिलाओं को रोजाना 120 मिलीग्राम विटामिन सी की जरूरत होती है और इससे ज्यादा विटामिन सी का सेवन करने से दस्त , उल्टी ,पेट दर्द ,सिर दर्द ,पथरी आदि कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं / डॉक्टरों के अनुसार विटामिन सी की शरीर में अधिकता से कोई बिषाक्त और हानिकारक प्रभाब नहीं पड़ता क्योंकि जल में घुलनशील होने की बजह से इसका उतसर्जन शरीर में मूत्र के द्वारा हो जाती है /

विटामिन सी दिल की बिमारियों , एनीमिया ,क्लोस्ट्रोल ,मोतियाबिन्द और डायबिटिक जैसी बिमारियों को ठीक करने के लिए भी काफी मददगार साबित होती है /

विटामिन सी की कमी से जोड़ों का दर्द ,दांतों में दर्द , मसूड़ों से खून बहना , थकान /कमजोरी आदि की अनेक समस्याएं सामने आती हैं / त्वचा की देखभाल तथा सौन्दर्य के लिए आप अकसर महगें सौन्दर्य प्रसाधनों तथा फेशियल और क्लीजिंग जैसे ब्यूटी ट्रीटमेंट की ओर रूख करती है। जबकि बास्तविकता यह है कि स्वस्थ्य और नर्म ,मुलायम त्वचा के लिए जिम या पार्लर जाने की ज्यादा जरूरत जरूरत नहीं है।

# सृजन की साक्षी भारतीय अभियांत्रिकी परंपरा

**विवेक रंजन**

**कभी** कभी इतिहास स्वयं को रचने के लिए मनुष्य का सहारा नहीं लेता, बल्कि मनुष्य को अपने साधन के रूप में प्रयोग करता है। भारत की सभ्यता ने यही किया है। जब मानव ने मिट्टी को आकार देना सीखा, तो भारत ने उससे मंदिर गढ़े। जब जल को नियंत्रित करने की आवश्यकता हुई, तो भारत ने नदियों के तट पर सिंचाई की व्यवस्था बनाई।

जब पत्थरों से दीवारें बनीं, तो भारत ने उन दीवारों में नक्काशी से कविता लिख दी। यह वह भूमि है जहाँ अभियंत्रण केवल तकनीकी कौशल नहीं, बल्कि जीवन-दर्शन था। यहाँ अभियंता केवल निमार्ता नहीं, भगवान विश्वकर्मा के स्वरूप में सृष्टा माने गए। मोहनजोदड़ों और हड़प्पा की विकसित सभ्यता आज भी हमें यह सिखाती हैं कि स्वच्छता और जल-प्रबंधन केवल शहरी सुविधा नहीं, बल्कि सभ्यता की रीढ़ हैं। सिंधु घाटी का नगर नियोजन, समकोणीय गलियाँ, कुएँ, स्नानागार, ये सब हमारे पूर्वज अभियंताओं की प्रतिभा का जीवंत प्रमाण हैं। प्राचीन ग्रंथों में भगवान विश्वकर्मा का उल्लेख उसी गौरव के साथ हुआ है जिस गौरव से कवि वाल्मीकि और ऋषि व्यास का। हर वर्ष हमारी संस्कृति में हम इंजीनियरिंग संस्थानों में विश्वकर्मा पूजन के आयोजन करते आए हैं। भारतीय अभियंत्रण सदैव कला, विज्ञान और आध्यात्म के संगम पर खड़ा रहा है। हमारे मंदिरों की स्थापत्य कला, लोहे के खंभे जो सदियों से जंगरहित खड़े हैं, या फिर अजन्ता की गुफाओं में शिल्प-सौंदर्य , सब यह बताते हैं कि हमारे अभियंता केवल साधन बनाने वाले नहीं, जन आत्मा में बसने वाले कलाकार थे। बदला, औपनिवेशिक युग आया। इंजीनियरिंग का अर्थ केवल गणितीय संरचना तक सीमित कर दिया गया। भारत में अभियंत्रण को अंग्रेजी पाठशालाओं के माध्यम से नए रूप में ढाला गया। किंतु भारतीय मस्तिष्क अपनी जड़ों से कट नहीं सका। स्वतंत्रता संग्राम के साथ ही एक नए अभियंत्रण युग का आरंभ हुआ , जो आत्मनिर्भरता का प्रतीक था। रेलवे, सिंचाई परियोजनाएँ, बांध, इस्पात संयंत्र, औद्योगिक नगर , ये सब नवभारत की नींव थे।

## हांगकांग सिक्सेस 2025 के लिए कमेंट्री पैनल से जुड़े माइकल क्लार्क और वकार यूनुस

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान माइकल क्लार्क और पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वकार यूनुस हांगकांग सिक्सेस 2025 के लिए कमेंट्री पैनल का हिस्सा बने हैं। यह टूर्नामेंट 7 से 9 नवंबर तक हांगकांग के टिन क्वॉन्ग रोड रिक्रिएशन ग्राउंड में खेला जाएगा। क्रिकेट हांगकांग चाइना ने घोषणा की कि कमेंट्री टीम में विश्व क्रिकेट के दिग्गजों और अनुभवी प्रसारकों का मिश्रण शामिल होगा, जिन्होंने खेल को करीब से देखा और समझा है। इनमें माइकल क्लार्क और वकार यूनुस दो प्रतिष्ठित हस्तियां अपने अनुभव और गहरी समझ के साथ प्रसारण कवरेज को और भी ऊंचाई पर ले जाने का वादा करती हैं। इस सूची में श्रीलंका के पूर्व ऑलराउंडर फर्वीज महरूफ भी शामिल हैं, जो अंतरराष्ट्रीय अनुभव की समृद्धि लेकर कमेंट्री पैनल में जुड़ेंगे। भारतीय क्रिकेट प्रसारण के सम्मानित चेहरों में से एक भारत के पूर्व ऑफ-स्पिनर निखिल चोपड़ा अपने तकनीकी ज्ञान और रोचक कमेंट्री से दर्शकों को जोड़ेंगे। कमेंट्री पैनल में माइकल क्लार्क, जॉयदीप मुखर्जी, वकार यूनुस, डॉमिनिक कॉर्क, फर्वीज महरूफ, निखिल चोपड़ा, सुहास वेधम, निक्की चौधरी को रखा गया है। हांगकांग सिक्सेस 2025 में 12 टीमें होंगी जिन्हें चार समूहों में बांटा गया है। इसमें शीर्ष अंतरराष्ट्रीय और घरेलू खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जो क्रिकेट के सबसे मनोरंजक आयोजनों में से एक है। पहले दिन दस मुकाबले खेले जाएंगे, जो रोमांचक और ऊर्जा से भरपूर क्रिकेट वीकेंड की शुरुआत करेंगे।

## दुनिया के सबसे उम्रदराज ओलंपिक चैंपियन चार्ल्स कॉस्ट का 101 वर्ष की आयु में निधन

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे उम्रदराज ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता चार्ल्स कॉस्ट का 101 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। कॉस्ट ने 1948 लंदन ओलंपिक में साइक्लिंग टीम पर्स्यूट इवेंट में फ्रांस को स्वर्ण पदक दिलाया था। चार्ल्स कॉस्ट ने न सिर्फ फ्रांस, बल्कि पूरी दुनिया के खेल प्रेमियों के दिलों में अपनी अमर पहचान छोड़ी है। ओलंपिक्स.कॉम के अनुसार, उनका निधन 31 अक्टूबर, गुरुवार को हुआ। चार्ल्स कॉस्ट ने सर्ज ब्लुसॉन, फर्नांड डेकेनाली और पियरे एडम के साथ मिलकर यह ऐतिहासिक गोल्ड मेडल जीता था। वह पिछले वर्ष पेरिस ओलंपिक 2024 के उद्घाटन समारोह में दूसरे अंतिम मशालवाहक के रूप में शामिल हुए थे, जहां उन्होंने मशाल पांच बार के ओलंपिक जुडो चैंपियन टेडी रिनर को सौंपी थी। कॉस्ट का जन्म 8 फरवरी, 1924 को ओलियूल्स (फ्रांस के वर क्षेत्र) में हुआ था। बचपन से ही उन्हें खेल और साइक्लिंग के प्रति गहरा लगाव था। उन्होंने 1947 में फ्रांस के राष्ट्रीय पर्स्यूट चैंपियन का खिताब जीता और अगले ही वर्ष ओलंपिक में स्वर्ण पदक हासिल किया। उस टूर्नामेंट में फ्रांस ने सेमीफाइनल में ग्रेट ब्रिटेन को और फाइनल में इटली को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। कॉस्ट जनवरी 2025 में हंगरी की जिम्नास्ट एग्नेस केलेटी के निधन के बाद से दुनिया के सबसे बुजुर्ग जीवित ओलंपिक चैंपियन बन गए थे।

## टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के बाद अफगानिस्तान टीम से अलग होंगे मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने घोषणा की कि मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट का कार्यकाल आईसीसी टी-20 विश्व कप 2026 के बाद समाप्त हो जाएगा। यह विश्व कप फरवरी 2026 में आयोजित किया जाएगा। बोर्ड ने यह फैसला राष्ट्रीय टीम के अगले चरण की रणनीतिक योजना के तहत लिया है। बोर्ड ने यह भी पुष्टि की कि नए मुख्य कोच की नियुक्ति की प्रक्रिया टी20 विश्व कप 2026 के बाद शुरू की जाएगी। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने ट्रॉट के समर्पण, अनुशासन और योगदान के लिए उन्हें धन्यवाद दिया है और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। जोनाथन ट्रॉट ने 2022 में अफगानिस्तान राष्ट्रीय टीम की जिम्मेदारी संभाली थी। उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में खिलाड़ियों के साथ मिलकर टीम के प्रदर्शन और प्रतिस्पर्धात्मक स्तर को काफी ऊंचा किया है। उनके कार्यकाल में अफगानिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कई ऐतिहासिक जीतें दर्ज कीं और बड़े टूर्नामेंटों में उल्लेखनीय सफलता हासिल की। एसीबी ने अपने बयान में कहा कि 'कोचिंग में बदलाव अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का स्वाभाविक हिस्सा है। जैसे-जैसे टीमें विकसित होती हैं, वैसे ही उनके नेतृत्व और रणनीतियों में भी बदलाव की जरूरत होती है। यह परिवर्तन अफगानिस्तान क्रिकेट के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत है, जो दीर्घकालिक उत्कृष्टता की दिशा में आगे बढ़ रहा है।'

## एआईएफएफ सुपर कप में केरल ब्लास्टर्स ने स्पोर्टिंग क्लब दिल्ली को 3-0 से हराया

**बम्बोलिम (गोवा)।** केरल ब्लास्टर्स एफसी ने शानदार आक्रामक प्रदर्शन करते हुए एआईएफएफ सुपर कप ग्रुप-डी मुकाबले में स्पोर्टिंग क्लब दिल्ली को 3-0 से करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ केरल ब्लास्टर्स ग्रुप में दो मैचों में छह अंक और +4 गोल अंतर के साथ शीर्ष पर पहुंच गई है। उनका अगला मुकाबला 6 नवंबर को मुंबई सिटी एफसी से होगा, जो आज बाद में राजस्थान यूनाइटेड के खिलाफ खेलेगी। जीएमसी एथलेटिक स्टेडियम में खेले गए मैच में टीम के नए खिलाड़ी कोल्डो ओबिएटा ने दो गोल दागे, जबकि थिंगुजम कोरोउ सिंह ने एक शानदार ओवरहेड किक से तीसरा गोल किया। तीन बार की इंडियन सुपर लीग फाइनलिस्ट टीम ने शुरू से ही मुकाबले में दबदबा बनाए रखा। मैच की शुरुआत धमाकेदार रही। चौथे मिनट में अड्रियन लूना के कॉर्नर पर जुआन रोड्रिगेज का हेडर क्रॉसबार से टकराया। स्पोर्टिंग क्लब दिल्ली ने पांच डिफेंडरों की रणनीति के साथ मैदान में उतरकर हमलों को रोकने की कोशिश की।

# भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूरे होने पर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में होगा भव्य समारोह

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने भारतीय हॉकी के 100 वर्ष (1925-2025) पूरे होने के उपलक्ष्य में भव्य समारोह के आयोजन की घोषणा की। हॉकी इंडिया के सहयोग से आयोजित होने वाला यह शताब्दी समारोह 7 नवंबर को नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा, जिसके समानांतर देश के 550 से अधिक जिलों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अंतर्गत इन जिलों में एक साथ 1,400 से अधिक हॉकी मैच खेले जाएंगे, जिनमें जमीनी स्तर पर 36,000 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। यहां मेजर ध्यान चद नेशनल स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय खेल मंत्री मांडविया ने कहा कि भारत हॉकी के 100 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहा है। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक आयोजन भारत की




समृद्ध हॉकी विरासत के एक शताब्दी वर्ष पूरे होने की याद दिलाएगा और उन दिग्गजों को सम्मानित करेगा जिन्होंने देश को गौरव दिलाया है। साथ ही यह खेल की उस स्थायी भावना का जश्न मनाएगा जो लाखों लोगों को प्रेरित करती रहती है। नई दिल्ली में समारोह सुबह 8:30 बजे शुरू होगा, जिसमें भारतीय हॉकी की गौरवशाली यात्रा के सार को दर्शाने वाले कई विशेष कार्यक्रम होंगे।

मांडविया ने कहा कि हम गौरव, दृढ़ता और राष्ट्रीय गौरव की एक शताब्दी का सम्मान करते हैं। यह मील का पत्थर हमारे उन नायकों को याद करने का अवसर है, जिन्होंने देश को सम्मान दिलाया और आगे बढ़ते हुए उनकी यात्रा से प्रेरणा लेने का अवसर है। हॉकी भारत के लिए केवल एक खेल से कहीं अधिक है। यह हमारी पहचान और सामूहिक भावना का हिस्सा है। 550 से अधिक जिलों में आयोजित होने वाले ये समारोह न केवल हमारी विरासत को उजागर करेंगे, बल्कि भारतीय हॉकी की कहानी को देश के कोने-कोने तक पहुंचाएंगे, जिससे युवा लड़के और लड़कियों को हॉकी स्टिक उठाकर जुनून के साथ खेलने की प्रेरणा मिलेगी। खेल मंत्री ने आगे कहा कि सरकार अधिक निवेश, आधुनिक बुनियादी ढांचे और संस्थागत सुधारों के माध्यम से भारत के खेल पारिस्थितिकी तंत्र को मज़बूत करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हमारा दृष्टिकोण स्पष्ट है।

## राइजिंग स्टार एशिया कप के लिए भारतीय टीम घोषितः जितेश शर्मा कप्तान, वैभव सूर्यवंशी को मिला मौका

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने राइजिंग स्टार एशिया कप के लिए इंडिया ए टीम की घोषणा कर दी। विकेटकीपर-बल्लेबाज जितेश शर्मा को टीम की कप्तानी सौंपी गई है, जबकि पंजाब के ऑलराउंडर नमन धीर उपकप्तान होंगे। वहीं, युवा बल्लेबाजी सनसनी वैभव सूर्यवंशी को भी 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। यह टूर्नामेंट 14 से 23 नवंबर तक कतर में खेला जाएगा। भारत को ग्रुप बी में ओमान, यूएई और पाकिस्तान ए के साथ रखा गया है। टीम 14 नवंबर को यूएई के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। मुकाबले वेस्ट एंड इंटरनेशनल



क्रिकेट स्टेडियम, दोहा में खेले जाएंगे। वहीं, ग्रुप ए में बांग्लादेश ए, हांगकांग, अफगानिस्तान ए और श्रीलंका ए की टीमें होंगी। प्रियांश आर्य, वैभव सूर्यवंशी, नहल वडेरा, नमन धीर (उपकप्तान), सुर्यांश शेजगे, जितेश शर्मा (कप्तान/विकेटकीपर), रमनदीप सिंह, हर्ष दुबे, आशुतोष शर्मा, यश ठाकुर, गुरजपनीत सिंह, विजय कुमार वैषक, युधवीर सिंह चरक, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), सुयश शर्मा। स्टैंडबाय खिलाड़ीः गुरनूर सिंह बरार, कुमार कुशाग्र, तनुष कोटियन, समीर रिजवी, शेख राशिद।

# टिम सीफर्ट उंगली की चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज से बाहर

एजेंसी

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज टिम सीफर्ट आगामी पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज से बाहर हो गए हैं। उनकी दाहिनी तर्जनी उंगली में फ्रैक्चर हुआ है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने मंगलवार को प्रेस रिलीज़ जारी कर इसकी पुष्टि की।

सीफर्ट नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स की ओर से फोर्ड ट्रॉफी में वेलिंगटन फायरबर्ड्स के खिलाफ बल्लेबाजी के दौरान चोटिल हो गए थे। बाद में स्कैन में उनकी उंगली में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई। मुख्य कोच रॉब वॉल्टर ने सीफर्ट की चोट पर निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा, 'हम सभी टिम के लिए दुखी हैं। वह हमारी टी20 टीम के अहम सदस्य हैं। शीर्ष क्रम पर उनकी आक्रामक बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग दोनों ही टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। उम्मीद है कि वह जल्द स्वस्थ होकर मैदान पर लौटेंगे।' सीफर्ट की जगह मिच हाय को टीम में शामिल किया गया है। हाय अब



तक न्यूजीलैंड के लिए 11 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं और उनके नाम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक पारी में सबसे ज्यादा 6 डिसमिसल्स का विश्व रिकॉर्ड भी है। कोच वॉल्टर ने कहा, 'मिच ने अब तक अपने सीमित अंतरराष्ट्रीय मौकों में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। वह एक उच्च स्तर के विकेटकीपर-बल्लेबाज हैं और टीम में अच्छी गहराई का उदाहरण पेश करते हैं।' वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की यह टी20 सीरीज 5 नवंबर (बुधवार) से ऑकलैंड के ईडन पार्क में शुरू होगी।

# जैक लीच ने सॉमरसेट के साथ करार बढ़ाया, ईसीबी सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से हुए बाहर

एजेंसी

**लंदन।** इंग्लैंड के स्पिनर जैक लीच ने अपने काउंटी क्लब समरसेट के साथ नया करार किया है। उन्होंने यह फैसला तब लिया जब उन्होंने खुलासा किया कि इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने उन्हें सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से रिलीज़ कर दिया है। लीच ने अब तक इंग्लैंड के लिए 39 टेस्ट मैच खेले हैं। उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच पिछले साल पाकिस्तान दौरे पर था। इस सीज़न में वे काउंटी चैम्पियनशिप में 50 विकेट लेने वाले एकमात्र स्पिनर रहे, लेकिन इसके बावजूद इंग्लैंड टीम में उनकी जगह अब विल जैक्स को बैकअप स्पिनर के तौर पर चुना गया है। लीच 2021-22 सीज़न से ईसीबी के साथ सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में थे, लेकिन अब वे अपने होम क्लब समरसेट के साथ ही खेलना जारी रखेंगे। समरसेट ने घोषणा की कि लीच ने अपना करार दो साल बढ़ाकर 2028 तक कर लिया है। इंग्लैंड ने अभी तक 2025-26 सीज़न के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की घोषणा नहीं की है, लेकिन लीच ने बीबीसी से बातचीत में बताया कि उन्हें मैनेजिंग डायरेक्टर रॉब की ने सूचित किया था कि उनका कॉन्ट्रैक्ट नवीनीकृत नहीं किया जाएगा। लीच ने एक बयान में कहा कहा, 'मेरा कॉन्ट्रैक्ट खत्म हो गया था, और रॉब की ने मुझे बताया कि मुझे एशेज़ स्क्वॉड में भी शामिल नहीं किया जाएगा। यह मेरे लिए बहुत निराशाजनक था क्योंकि यही मेरा लक्ष्य था। अब मैं खुद को बेहतर बनाने और दोबारा टीम में जगह बनाने की कोशिश करूंगा।' वहीं, लीच की जगह इंग्लैंड के मुख्य स्पिनर बने शोएब बशीर के समरसेट छोड़ने की संभावना है,



क्योंकि उन्होंने इस सीज़न में क्लब के लिए किसी भी प्रारूप में नहीं खेला। माना जा रहा है कि उन्हें ईसीबी की ओर से नया कॉन्ट्रैक्ट मिलेगा। इसके अलावा, ससेक्स ने बल्लेबाज ऑलराउंडर जैक लीनिंग को केंट से तीन साल के करार पर साइन किया है।

# विश्व कप की ऐतिहासिक जीत पर बीसीसीआई ने महिला क्रिकेट टीम के लिए 51 करोड़ रुपये के इनाम की घोषणा की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इतिहास रचते हुए पहली बार आईसीसी महिला वनडे विश्व कप 2025 का खिताब अपने नाम किया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर पूरे देश में जश्न का माहौल है, जिसने भारतीय क्रिकेट के स्वर्ण अध्याय में एक नया पन्ना जोड़ दिया है। इस अभूतपूर्व सफलता के सम्मान में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने खिलाड़ियों, सपोर्ट स्टाफ और चयन समिति के लिए कुल 51 करोड़ रुपये के नकद इनाम की घोषणा की है। बीसीसीआई ने कहा कि यह पुरस्कार खिलाड़ियों के असाधारण प्रदर्शन, समर्पण और देश को गौरवान्वित करने में उनके योगदान की पहचान है। बीसीसीआई ने अपने बयान में कहा कि खिलाड़ियों, सपोर्ट स्टाफ और सभी संबंधित इकाइयों ने मिलकर इस ऐतिहासिक उपलब्धि को संभव बनाया है, जिसने देशभर के करोड़ों क्रिकेट प्रेमियों के सपनों को साकार किया। बोर्ड ने इस अवसर पर जय शाह की महत्वपूर्ण भूमिका की भी सराहना की, जो पहले बीसीसीआई के मानद सचिव के रूप में और अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। अपने बीसीसीआई कार्यकाल के दौरान जय शाह ने महिला क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए कई अहम कदम उठाए – जैसे घरेलू ढांचे को मजबूत करना, नए टूर्नामेंट शुरू करना और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना। आईसीसी अध्यक्ष के रूप में उन्होंने महिला क्रिकेट में लैंगिक समानता की दिशा में ठोस पहल की। उनके नेतृत्व में आईसीसी ने महिला विश्व कप के लिए पुरस्कार राशि में ऐतिहासिक वृद्धि की घोषणा की, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि महिला खिलाड़ियों को पुरुष खिलाड़ियों के समान मान-सम्मान मिले। बीसीसीआई ने कहा कि भारत में महिला क्रिकेट की यात्रा – साधारण शुरुआत से लेकर विश्व चैम्पियन बनने तक – जय शाह की दूरदर्शी सोच और महिला क्रिकेट के पेशेवर विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का परिणाम है। बोर्ड ने जय शाह के नेतृत्व के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह खिताब वर्षों की मेहनत, निवेश और मजबूत आधारभूत ढांचे का नतीजा है।

इस जीत से देशभर में युवा लड़कियों के बीच क्रिकेट के प्रति रुचि और बढ़ेगी तथा जमीनी स्तर पर कार्यक्रमों का विस्तार होगा। बीसीसीआई ने आश्वासन दिया कि वह इस गति को बनाए रखेगा – महिला क्रिकेट में निवेश जारी रहेगा, घरेलू ढांचे को और मजबूत किया जाएगा और आने वाली पीढ़ियों को विश्वस्तरीय खिलाड़ी बनाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। बीसीसीआई अध्यक्ष मिथुन मन्हास ने कहा, 'पूरे बोर्ड की ओर से भारतीय महिला क्रिकेट टीम को इस ऐतिहासिक विश्व चैंपियनशिप जीत पर हार्दिक बधाई। टीम की दृढ़ता, प्रतिभा और एकजुटता ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। यह जीत बीसीसीआई के उस विश्वास और निवेश को सही साबित करती है, जो हमने महिला क्रिकेट को विश्वस्तरीय बनाने के लिए किया।' सचिव देवजीत सैकिया ने कहा, 'यह असाधारण उपलब्धि निरंतर तैयारी, बेहतरीन रणनीति और महिला खिलाड़ियों के अटूट विश्वास का परिणाम है। कोचिंग स्टाफ, सपोर्ट स्टाफ और सभी राज्य संघों ने इस यात्रा में योगदान दिया है। यह जीत पूरे भारतीय क्रिकेट परिवार के लिए गर्व का क्षण है।' उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा, 'इस सफलता की यात्रा कई छोटे-छोटे कदमों से शुरू हुई थी – जैसे घरेलू टूर्नामेंटों का विस्तार, बेहतर सुविधाएं और समान अवसर।

## 69वीं राष्ट्रीय विद्यालयी वॉलीबॉल प्रतियोगिता 11 नवम्बर से, डीएम ने की बैठक

एजेंसी

**बरेली।** जिले में 69वीं राष्ट्रीय विद्यालयी वॉलीबॉल प्रतियोगिता की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। यह प्रतियोगिता 11 से 15 नवम्बर तक पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज बरेली में होगी। बैठक में बताया गया कि प्रतियोगिता में अंडर-17 आयु वर्ग के बालक और बालिका वर्ग की टीमें हिस्सा लेंगी। देश भर से 44 बालक टीम और 44 बालिका टीम प्रतियोगिता



में भाग लेंगी। कुल 1056 खिलाड़ी इस राष्ट्रीय आयोजन में शामिल होंगे। प्रत्येक टीम के लिए एक-एक लाइजनिंग अधिकारी तैनात किए जा रहे हैं, जबकि 6 नवम्बर तक खिलाड़ियों का पंजीकरण किया जाएगा। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने सभी जरूरी तैयारियां करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक यातायात मो. अकमल खान, संयुक्त निदेशक शिक्षा, डीआईओएस, एआरटीओ (प्रवर्तन) और जिला सूचना अधिकारी समेत सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# खिलाड़ियों को संसाधनों की कमी नहीं होने देगें : अमरपाल मौर्य

एजेंसी

**प्रतापगढ़।** जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य ने खेल उत्सव का शुभारम्भ करने के बाद कहा कि खिलाड़ियों को खेल सामग्री या संसाधनों की कोई कमी नहीं होने दी जायेगी। जो भी आवश्यकता होगी उसे मैं अपने सांसद निधि से उपलब्ध कराऊँगा। राज्यसभा सांसद ने कहा कि जनपद प्रतापगढ़ के गौरव के लिये मैं अपना पूरा योगदान और समर्पण देने का संकल्प लेता हूँ। हमारा उद्देश्य है कि प्रतापगढ़ का हर खिलाड़ी पूरी निष्ठा और आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को साकार कर सके।खेल जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिससे मन और मस्तिष्क स्वस्थ रहते हैं। एमएलसी अवनीश पटेल ने कहा कि खेल के आयोजन से कई महत्वपूर्ण चीजों को सीखने का मौका मिलता है। यह सांसद खेल उत्सव न केवल खेल प्रतिभाओं को सामने लाएगा, बल्कि युवाओं में फिटनेस, अनुशासन और टीम भावना को भी मजबूत करेगा। कुश्ती, दौड़, कबड्डी, वालीवाल आदि प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ किया गया और प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने कहा कि सांसद खेल उत्सव का कार्यक्रम पूरी सफलता और भव्यता के साथ सम्पन्न होगा। खेल के माध्यम से बच्चों में जागरूकता आयेगी और खिलाड़ियों को समान अवसर मिलेगें। खेल के माध्यम से बच्चे अपनी प्रतिभाओं को निखार सकते हैं। उन्होने इस दौरान सभी प्रतिभागियों को बधाई एवं धन्यवाद दिया। प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़, 800 मीटर दौड़, वॉलीबॉल, कबड्डी का आयोजन हुआ। जिसमें 100 मीटर बालिका में पायल प्रथम, शैल मौर्य द्वितीय, अंचित मौर्य तृतीय, 800 मीटर बालक में हंसदीप विश्वकर्मा प्रथम, मनीष द्वितीय, काशान तृतीय, 17 वर्षीय 800 मीटर बालक में अक्षय प्रथम, रिजवान द्वितीय विकास तृतीय, कुश्ती 38 किग्रा बालिका में रिया गिरी प्रथम, स्वाति द्वितीय, 41 किग्रा में आज्ञा पटेल प्रथम, रिया यादव द्वितीय, 45 किग्रा में बबीता प्रथम, आशी द्वितीय, 35 किग्रा में आयुषी प्रथम, इति सिंह द्वितीय, 38 किग्रा में रितेश पांडे प्रथम, 45 किग्रा में हेमंत प्रथम, शिवम द्वितीय, 53 किग्रा में विनीत गुप्ता प्रथम, सागर द्वितीय रहे। कबड्डी 17 वर्षीय बालिका में राजकीय इंटर कॉलेज सराय आना देव विजेता, स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रतापगढ़ उपविजेता, 14 वर्षीय बालिका बॉलीबॉल में उच्च प्राथमिक विद्यालय मल्हूपुर मांधाता विजेता, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय लक्ष्मणपुर उपविजेता, बालक में बी एस एस एकेडमी विजेता, राजकीय इंटर कॉलेज सराय आना देव उप विजेता, 17 वर्षीय बालक में रानीगंज विजेता, बी एस एस एकेडमी उपविजेता, बालिका में स्पॉर्टिंग क्लब विजेता, मांधाता उपविजेता रहे। शेष कबड्डी की प्रतियोगिता चल रही है।

## खेल से पैदा होता है सौहार्द और समन्वय : डॉ. दिनेश शर्मा

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री और भाजपा के राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने मोहनलालगंज संसदीय क्षेत्र के सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित विराट खेल महोत्सव का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव खेल प्रतिभाओं को सामने लाने का माध्यम बन चुका है। खेल से सौहार्द और समन्वय बनता है। डॉ. शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सांसद खेल प्रतियोगिता की पहल करके देशभर में खेल के प्रति एक नया उत्साह पैदा कर दिया है। इसका परिणाम है कि गांव और शहरों से निकली प्रतिभाएं देश विदेश में विजय/सफलता का परचम लहरा रही हैं। पूर्व उप मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल समाज में जाति धर्म के बंधन को तोडता भी है। खेल में हार जीत लगी रहती है और खिलाडियों को हार



से निराश नहीं होना चाहिए। खेल के क्षेत्र में अब तमाम तरह के व्यवसायिक अवसर उपलब्ध हैं। सरोजिनी नगर के विधायक राजेश्वर सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह नारी सशक्तीकरण का प्रतीक है। उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने इस अवसर पर खिलाड़ियों को सम्मानित किया। विधायक राजेश्वर सिंह ने कार्यक्रम में लगे भाजपा कार्यकर्ताओं और मंचासीन पदाधिकारियों का सम्मान किया। इस अवसर पर सदस्य विधान परिषद रामचंद्र प्रधान, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री वीरेंद्र तिवारी, अध्यक्ष सहकारी बैंक वीरेंद्र प्रताप सिंह, क्षेत्रीय पार्षद सौरभ सिंह मोनू, डॉ. संजय चतुर्वेदी, शंकरी सिंह व मंडल अध्यक्ष विनोद मौर्या आदि उपस्थित रहे।

## बास्केटबाल में एसवीएन 'बी' को तिहरा और वॉलीबाल में दोहरा खिताब

एजेंसी

**प्रयागराज।** शकुन विद्या निकेतन बी ने कलरव में आयोजित बास्केटबाल प्रतियोगिता के अंडर-14 एवं अंडर-19 बालक वर्ग और अंडर-19 बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबले जीतकर तिहरा खिताब हासिल किया। वॉलीबाल में शकुन विद्या निकेतन ने अंडर-17 एवं अंडर-19 बालक वर्ग के खिताब पर कब्जा जमाया। शकुन विद्या निकेतन देवरख नैनी में खेले गये बास्केटबाल के बालक वर्ग के फाइनल मुकाबलों में अंडर-14 आयु वर्ग में शकुन विद्या निकेतन बी ने संस्कार इंटरनेशनल स्कूल को, अंडर-17 में शकुन विद्या निकेतन ए ने संस्कार इंटरनेशनल स्कूल को, अंडर-19 में शकुन विद्या निकेतन बी ने शकुन विद्या निकेतन ए को हराया। बालिका वर्ग में अंडर-14 आयु वर्ग पतंजलि ऋषिकुल स्कूल ने संस्कार इंटरनेशनल स्कूल को और अंडर-19 में शकुन विद्या निकेतन बी ने शकुन विद्या निकेतन ए को हराया। वॉलीबाल में अंडर-17 बालक वर्ग के फाइनल में शकुन विद्या निकेतन ने देव स्पोर्ट्स स्कूल को और अंडर-19 आयु वर्ग के फाइनल में शकुन विद्या निकेतन ने केवीएस नैनी को हराया। प्रतियोगिता का समापन महापौर गणेश केसरवानी ने किया। शकुन विद्या निकेतन की प्रधानाचार्या शकुन्तला मिश्रा ने महापौर का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।

# नौ नवम्बर से शुरू होगी अयोध्या प्रीमियर लीग, 26 नवम्बर तक चलेगा पहला सीजन

एजेंसी

**अयोध्या।** मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की नगरी अयोध्या अब खेल जगत में भी नया इतिहास रचने जा रही है। योगी सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में शामिल डॉ. भीमराव अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम अब पूरी तरह तैयार हो गया है। इसी अत्याधुनिक स्टेडियम में अयोध्या प्रीमियर लीग (एपीएल) का पहला सीजन 9 नवंबर से शुरू होकर 26 नवंबर तक खेला जाएगा। यह प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) के तत्वावधान में जिला क्रिकेट संघ अयोध्या द्वारा आयोजित की जा रही है। टूर्नामेंट ञ-20 फॉर्मेट में खेला जाएगा।

**आठ टीमों के बीच होगा रोमांचक मुकाबला**

एपीएल में कुल आठ टीमें भाग लेंगी- सरयू समशेर, गंगा ग्लैडिएटर्स, जमुना जायंट्स, बेतवा ब्रेव्स, हिंडन हीरोज, चंबल चैलेंजर्स, गोमती ग्लैक्सीज़ और मनोरमा मार्वल्स।

सभी टीमों के नाम उत्तर प्रदेश की पवित्र नदियों पर रखे गए हैं, जो प्रदेश की संस्कृति, परंपरा और विरासत का प्रतीक हैं।

**खिलाड़ियों का चयन और टीम संरचनाः** टीमों के खिलाड़ियों का चयन यूपीसीए के अनुभवी चयनकर्ताओं द्वारा ट्रायल के माध्यम से किया गया है। हर टीम में 16




खिलाड़ी होंगे, जिनमें 11 अयोध्या मंडल से और 5 अतिथि खिलाड़ी शामिल होंगे। प्रतियोगिता में कुल 29 मैच खेले जाएंगे। सभी मैच कलर ड्रेस और सफेद गेंद से खेले जाएंगे।

**आकर्षक इनामी राशि**

विजेता टीम को 11 लाख रुपये और उपविजेता को 5.5 लाख रुपये की नकद पुरस्कार राशि दी जाएगी।

**भव्य शुभारंभ समारोह 9 नवंबर को**

एपीएल का शुभारंभ 9 नवंबर, रविवार सुबह 10 बजे डॉ. भीमराव अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, डाभा सेमर, अयोध्या में होगा। उद्घाटन मुकाबला सरयू समशेर और मनोरमा मार्वल्स के बीच खेला जाएगा।

**ऑनलाइन टिकट और लाइव प्रसारण की सुविधा**

दर्शक प्रतियोगिता के लिए टिकट ऑनलाइन वेबसाइटUwww.wildcardtickets.comसे खरीद सकेंगे। टूर्नामेंट का सजीव प्रसारण राष्ट्रीय टीवी चैनलों और OTT प्लेटफॉर्म्स पर किया जाएगा।

**आईपीएल और यूपी ञ20 के खिलाड़ी भी लेंगे हिस्सा**

एपीएल में कई खिलाड़ी ऐसे भी भाग लेंगे जिन्होंने आईपीएल और यूपी टी20 जैसी प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए यूपीसीए अपैक्स काउंसिल सदस्य एवं अयोध्या जिला क्रिकेट संघ के सचिव उमेर अहमद ने बताया कि यह आयोजन प्रदेश के खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए प्रेरित करेगा।प्रेस वार्ता में डायरेक्टर वैभव श्रीवास्तव सहित आयोजन समिति के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

# गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा प्रदान करना प्रदेश सरकार का लक्ष्य : मुख्यमंत्री

**निर्देश**

» खाली भवनों के सर्वोत्तम उपयोग के दिए निर्देश, केवल निर्माण के नाम पर सरकारी धन की बर्बादी अस्वीकार्य



**पंकज शर्मा**

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा प्रदान करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बाजार की मांग के अनुरूप विद्यार्थियों को कुशल बनाया जा रहा है इससे उनके रोजगार की क्षमता बढ़ेगी।

मुख्यमंत्री ने आज यहां तकनीकी शिक्षा विभाग की कार्य प्रणाली की समीक्षा करते हुए खाली भवनों की स्थिति पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वर्ष, 2018 से 2023 के बीच 126.45 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सात भवन खाली पड़े हैं। उन्होंने विभाग को जनहित में इन भवनों के सर्वोत्तम उपयोग के लिए एक कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केवल निर्माण के नाम पर सरकारी धन की बर्बादी अस्वीकार्य है। ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने तकनीकी शिक्षा विभाग को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों और पॉलिटेक्निक कॉलेजों को छात्रों के नामांकन, समग्र प्रदर्शन और इन संस्थानों में उपलब्ध अन्य सुविधाओं के आधार पर ग्रेड प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए तकनीकी शिक्षा विभाग को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

प्रदेश सरकार तकनीकी शैक्षणिक संस्थानों में रिक्त पड़े पदों को भरेगी और इन संस्थानों को हर संभव सहायता भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने तकनीकी शिक्षा संस्थानों में नए पाठ्यक्रम शुरू करने पर भी बल दिया ताकि युवाओं को उभरते रोज़गार क्षेत्रों के लिए प्रशिक्षित किया जा सके। उन्होंने बिलासपुर ज़िला के बंदला स्थित हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज में 30 छात्रों के प्रवेश के साथ एम.टेक (ईवी-टेक) पाठ्यक्रम शुरू करने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

### राज्य सरकार हिमाचल में नवाचार को दे रही बढ़ावा



मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार हिमाचल में नवाचार को बढ़ावा दे रही है और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए 'राज्य नवाचार और स्टार्टअप नीति-2025' तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार बिलासपुर ज़िला के घुमारवीं में डिजिटल यूनिवर्सिटी ऑफ इनोवेशन, एंटरप्रन्योरशिप, स्किल एण्ड वोकेशनल स्टडीज़ स्थापित करने पर विचार कर रही है, जिसके लिए 258 बीघा भूमि चिन्हित की गई है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम और हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड के कार्यों की भी समीक्षा की और उनकी कार्य प्रणाली में सुधार लाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# मेले हमारी सभ्यता, संस्कृति को जीवित रखने में निभाते हैं अहम भूमिका : अनिरुद्ध सिंह

**मेला**

» पंचायती राज मंत्री ने टूड गांव में पारंपरिक पाटी मेला में बतौर मुख्यातिथि की शिरकत



**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि मेले हमारी सभ्यता, संस्कृति को जीवित रखने में अहम भूमिका निभाते है। यह आयोजन न केवल मनोरंजन का साधन होते हैं, बल्कि हमारी परंपराओं, रीति-रिवाजों और सांस्कृतिक विरासत को भी प्रदर्शित करते हैं। मेलों में पारंपरिक कलाएं, हस्तशिल्प और स्थानीय उत्पादों का प्रदर्शन होता है, जो हमारी सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखने में मदद करता है। साथ ही, मेलों में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेल गतिविधियां हमारी संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक प्रभावी माध्यम होती हैं। इस तरह, मेले हमारी सभ्यता और संस्कृति को सहेजने और संजोने का एक महत्वपूर्ण साधन हैं।

अनिरुद्ध सिंह आज कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत भौंट के गांव टूड में पारंपरिक पाटी मेला में बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। इस दौरान सीनियर कबड्डी, जूनियर कबड्डी और ठोडा प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि ठोडा सैकड़ों वर्षों पुराना खेल है जोकि आज विलुप्त होने की कगार पर पहुंच चुका है। लेकिन कई क्षेत्रों में युवा पीढ़ी इस खेल को जीवित रखे हुए है।

## राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने गुरु नानक जयंती पर लोगों को बधाई दी

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने गुरु नानक जयंती के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों, विशेषकर सिख समुदाय के लोगों को शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने कहा कि गुरु पर्व सिखों का सबसे पवित्र त्योहार है। सिखों के प्रथम गुरु, श्री गुरु नानक देव जी के जन्मदिवस पर यह पर्व मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि हमें समृद्ध और शांतिपूर्ण जीवन जीने के लिए उनके दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए। अपने शुभकामना संदेश में, मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी ने विश्व बंधुत्व के बंधन को मजबूत करने के लिए प्रेम, शांति, सांप्रदायिक सद्भाव और नि:स्वार्थ सेवा का उपदेश दिया। उनके उपदेशों में उनकी शिक्षाओं का सार निहित है और वर्तमान में यह शिक्षाएं और भी अधिक प्रासंगिक हैं।

# प्राकृतिक खेती को बढ़ावा, किसानों की आर्थिकी होगी मजबूत

**प्राकृतिक खेती**

» शिमला ग्रामीण विस क्षेत्र की 540 हेक्टेयर भूमि प्राकृतिक खेती के तहत कवर



**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** लोक निर्माण मंत्री ने ग्राम पंचायत चनावग के हशकरधार में खंड स्तरीय किसान सम्मेलन में मुख्यातिथि के रूप में दी अपनी उपस्थिति। हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा कृषि विभाग के माध्यम से किसानों-बागवानों को कृषि की आधुनिक तकनीक अपनाने, नकदी फसलें उगाने तथा प्राकृतिक खेती की ओर प्रेरित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। वह आज शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की आखिरी एवं दूरदराज पंचायत चनावग के हशकरधार में एक दिवसीय खंड स्तरीय किसान सम्मेलन में मुख्यातिथि के रूप में शामिल होने के उपरांत किसान सम्मेलन में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि किसानों को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने के लिए सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्राकृतिक खेती प्रदेश में 2018 में आरंभ की गई थी और 2018 से वर्तमान तक 2.22 लाख किसान प्राकृतिक खेती अपनाकर अपनी आर्थिकी सुदृढ़ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को आधुनिक खेती अपनाने के लिए अब तक 5.50 करोड़ खर्च किए जा चुके है जिससे लगभग 35 हजार किसानों को लाभ मिला है। जिला शिमला में 50 कलस्टर क्रियाशील है जिसके तहत जिला में 3734 हेक्टेयर भूमि प्राकृतिक खेती के अधीन लाई गई है जिसमें शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की 540 हेक्टेयर भूमि को प्राकृतिक खेती के तहत कवर किया गया है।

पंचायत क्षेत्र के विकास की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के दौरान चनावग पंचायत के विकास के लिए लगभग 18 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

# मेयर का कार्यकाल बढ़ाने के फैसले पर हाईकोर्ट में सुनवाई

**चमन शर्मा**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में नगर निगम शिमला के मेयर के कार्यकाल को ढाई वर्ष से पांच वर्ष करने के फैसले पर सरकार की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रहीं हैं। सरकार के इस फैसले को लेकर वकील अंजली सोनी वर्मा ने एक जनहित याचिका दायर की है, जिसमें शहरी विकास विभाग, स्टेट इलेक्शन कमीशन और शिमला मेयर सुरेंद्र चौहान को प्रतिवादी बनाया गया है।

जिस पर हिमाचल हाईकोर्ट ने संज्ञान लेते हुए सरकार और मेयर को नोटिस जारी किए हैं। मामले की अगली सुनवाई 11 नवंबर को रखी गई है। आरक्षण रोस्टर के अनुसार, अगले ढाई साल के लिए अनुसूचित जाति की महिला पार्षद को मेयर बनना था, लेकिन सुक्खू सरकार ने इसे बदलते हुए मौजूदा मेयर को लाभ पहुंचाने के लिए इसे



पांच साल बढ़ा दिया है। सरकार ने तर्क दिया कि हॉर्स ट्रेडिंग रोकने और प्रशासनिक स्थिरता के लिए कार्यकाल को पांच साल किया गया है। बीते 25 अक्टूबर को सुक्खू कैबिनेट ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इसके बाद सरकार ने अध्यादेश जारी किया है, जिसे आगामी शीतकालीन सत्र में विधानसभा में रखा जाएगा। नगर निगम शिमला मेयर सुरेंद्र चौहान का ढाई वर्ष का कार्यकाल 15 नवंबर को खत्म हो रहा था। सामान्य स्थिति में मेयर और डिप्टी मेयर का बदलना तय था, लेकिन अब अध्यादेश लागू होने से यह बदलाव नहीं होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल चम्बा में गुरु पर्व के उपलक्ष्य में हुआ शब्द कीर्तन समारोह



**हामिद खान**

**चंबा।** मंगलवार को डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल चंबा में गुरु पर्व के पावन अवसर पर एक भव्य शब्द कीर्तन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा से पधारे पाँच कीर्तनकर्ताओं ने मधुर स्वर में शब्द कीर्तन प्रस्तुत किया, जिससे सम्पूर्ण विद्यालय का वातावरण भक्तिमय हो उठा।

कार्यक्रम में नर्सरी से कक्षा द्वितीय तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा पाँच प्यारे, जिनकी भूमिका विद्यालय के ही बच्चों ने निभाई। उनकी वेशभूषा, अनुशासन और भाव-भंगिमाओं ने सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य अशोक कुमार गुलेरिया ने शब्द कीर्तन प्रस्तुत करने वाले कीर्तनकर्ताओं को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। अपने प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने गुरु पर्व की महिमा पर प्रकाश डालते हुए गुरु के उपदेशों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया तथा गुरुद्वारा से पधारे सभी कीर्तनकर्ताओं का हार्दिक धन्यवाद किया।

कार्यक्रम के अंत में सभी को प्रसाद वितरित किया गया। यह कार्यक्रम बच्चों में धार्मिक आस्था, नैतिक मूल्यों तथा गुरुजनों के प्रति श्रद्धा की भावना जागृत करने वाला रहा।

### भाई पर जाली दस्तावेज तैयार कर हिस्सेदारी हड़पने का आरोप

**राजन पुरी**

**ऊना।** थाना अंब के अंतर्गत टकारला स्थित एक स्टोन क्रशर की साझेदारी को लेकर धोखाधड़ी और जालसाजी का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि भाई ने साजिश के तहत उसके नाम पर जाली दस्तावेज़ तैयार कर उसकी हिस्सेदारी अपने नाम कर ली और कई वर्षों तक उसे धोखे में रखकर मुनाफे का हिस्सा देता रहा।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में मोहन सिंह निवासी बाथू ने बताया कि वर्ष 2006 में उसने अपने भाई सतीश कुमार के साथ मिलकर टकारला में एक स्टोन क्रशर टकारला में साझेदारी में शुरू किया था। लेकिन वर्ष 2007 में जब वह कनाडा में था, तब भाई ने उसके नाम पर स्टाम्प पेपर खरीदकर जाली हस्ताक्षर किए और उसकी मूल साझेदारी डीड को समाप्त कर दिया।

इसके बाद नई पार्टनरशिप डीड तैयार की गई, जिसमें कमल किशोर नामक व्यक्ति को 35 प्रतिशत हिस्सेदारी दी गई, जबकि शेष 65 प्रतिशत लाभ आरोपी ने अपने नाम पर दर्ज कर लिया। मोहन सिंह ने बताया कि उसका भाई वर्ष 2022 तक उसे नियमित रूप से मुनाफे का हिस्सा देता रहा ताकि उसे किसी प्रकार का संदेह न हो।

## तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजे गए चैन स्नेचर, नूरपुर पुलिस ने पौंग बांध किनारे दबोचा

**विजय समयाल**

**कांगड़ा।** पुलिस जिला नूरपुर के अधीन थाना फतेहपुर में सड़क किनारे पैदल चल रही महिला की कान की बाली छीनने के आरोप में गिरफ्तार चैन स्नेचरों गोल्डी और गौरव निवासी तरनतारन (पंजाब) को मंगलवार को जवाली कोर्ट में पेश किया गया, जहां से अदालत ने दोनों को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

आरोपियों ने रविवार को जवाली क्षेत्र में बाइक पर सवार महिला की कान की बाली उड़ाई थी, जबकि सोमवार को भरमाड़ में एक महिला की गले की चैन और बटाहड़ी में सड़क किनारे चल रही महिला की कान की बाली छीन ली थी। लगातार दो दिन में तीन वारदातों से क्षेत्र में हड़कंप मच गया था। वारदातों को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी पंजाब भागने की फिराक में थे, लेकिन पुलिस ने पौंग बांध के किनारे इन्हें धर दबोचा।

फतेहपुर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मंगलवार को जवाली कोर्ट में पेश किया। जानकारी के अनुसार, इन दोनों चैन स्नेचरों के



खिलाफ थाना जवाली में भी दो केस दर्ज हैं। रिमांड अवधि पूरी होने के बाद इन्हें जवाली पुलिस के हवाले किया जाएगा ताकि वहां दर्ज मामलों की भी जांच की जा सके। एसपी नूरपुर अशोक रतन ने बताया कि फतेहपुर पुलिस ने सोमवार को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया था। मंगलवार को इन्हें अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। उन्होंने कहा कि इस गिरोह में शामिल अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है। एसपी ने आम जनता से अपील की है कि वे सतर्क रहें और सड़क पर चलते समय आसपास की गतिविधियों पर नजर रखें। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वाहन की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## त्यूड़ी में अज्ञात ट्रक की टक्कर से दो युवक घायल,

**राजन पुरी**

**ऊना।** सदर थाना ऊना के तहत त्यूड़ी में पेश आए एक सड़क हादसे में दो युवक घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब एक अज्ञात ट्रक ने पीछे से मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कुलविन्द्र सिंह निवासी भैरा और उसका भाई बलविन्द्र सिंह सोमवार देर शाम ब्रहमपुर से अपने घर लौट रहे थे। त्यूड़ी के पास पहुंचते ही ऊना की ओर से आ रहे एक अज्ञात ट्रक ने उनकी मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों भाई सड़क पर गिर पड़े और उन्हें गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। घायल कुलविन्द्र सिंह ने अपने दोस्त राजेश कुमार को फोन कर मौके पर बुलाया, जिसने दोनों को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना पहुंचाया।

# दिव्यांगजनों के लिए हिम बस कार्ड की अनिवार्यता का निर्णय तुरंत वापस लिया जाए : राजन कुमार

**अधिकार**

» हिम बस कार्ड दिव्यांग अधिकार अधिनियम, 2016 की भावना के विपरीत



**टीम एक्शन इंडिया**

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा 27 अक्टूबर 2025 को जारी अधिसूचना के तहत दिव्यांगजनों को नि:शुल्क यात्रा सुविधा प्राप्त करने हेतु हिम बस कार्ड बनवाना अनिवार्य किया गया है। इस निर्णय का प्रदेशभर के दिव्यांगजनों, सामाजिक संगठनों तथा हिमाचल प्रदेश व्हीलचेयर क्रिकेट टीम ने कड़ा विरोध किया है।

हमीरपुर के दिव्यांग प्रतिनिधि मंडल ने उपायुक्त महोदय के माध्यम से मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को ज्ञापन भेजा है। जिला दिव्यांग समीक्षा समिति के सदस्य एवं हिमाचल प्रदेश व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के डायरेक्टर राजन कुमार ने कहा कि यह निर्णय दिव्यांगजनों पर अनावश्यक आर्थिक एवं प्रशासनिक बोझ डालता है। उन्होंने कहा कि सरकार को दिव्यांगजनों से जुड़ी किसी भी नीति पर निर्णय लेने से पूर्व दिव्यांग समीक्षा समितियों से विचार-विमर्श करना चाहिए।

राजन कुमार ने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार द्वारा जारी यूडीआईडी (यूनिक डिस्एबिलिटी आईडी) पहले से ही देशभर में एकीकृत पहचान पत्र के रूप में मान्य है। ऐसे में हिम बस कार्ड की अतिरिक्त अनिवार्यता न केवल दिव्यांग अधिकार अधिनियम, 2016 की भावना के विपरीत है, बल्कि यह संवैधानिक समानता एवं सामाजिक न्याय के सिद्धांतों का भी उल्लंघन है।

उन्होंने कहा कि यदि सरकार दिव्यांगजनों को सामान्य व्यक्तियों के समान कार्यक्षम नहीं बना सकती, तो कम से कम उन्हें वे सुविधाएँ और सम्मान तो देना चाहिए, जिसके वे हकदार हैं।

## संघनेई में बुजुर्ग पर हमला, महिला समेत चार के खिलाफ मामला दर्ज

**राजन पुरी**

**ऊना।** पुलिस थाना गगरेट के तहत संघनेई गांव में 67 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति पर हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित रणजीत सिंह ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है कि उसकी भाभी, भतीजे और अन्य परिजनों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की और उसे खेत में घसीट ले गए।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर महिला समेत चार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत रणजीत सिंह निवासी संघनई ने बताया कि गत दिवस दूध लेकर घर लौट रहा था। इसी दौरान उसकी भाभी कांता देवी ने रास्ते में खेत के पास लगे टीन के पतरे को लात मारी। रणजीत सिंह ने उसे समझाया कि कांटेदार तार रास्ते की ओर आ गई है, जिससे कोई घायल हो सकता है। इस बात पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। इसी बीच कांता देवी का बेटा विक्रम सिंह, पति बरियाम सिंह और बहू वंदना देवी भी मौके पर आ गए।

## लवी मेला 2025 के सफल आयोजन हेतु फंड कलेक्शन सब कमेटी की बैठक



**लिहान्टू**

**रामपुर बुशहर।** अंतरराष्ट्रीय लवी मेला 2025 की तैयारियों के दृष्टिगत आज उपमंडलाधिकारी (नागरिक) रामपुर हर्ष अमरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में फंड कलेक्शन सब-कमेटी का गठन किया गया, जिसमें राज्य कर एवं आबकारी विभाग (एक्साइज) व (जीएसटी) रामपुर, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, भार एवं माप विभाग, खनन विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा जिला पर्यटन विभाग के अधिकारियों को शामिल किया गया।

बैठक में अंतरराष्ट्रीय लवी मेला 2025 के सफल, सुव्यवस्थित एवं आकर्षक आयोजन के लिए आवश्यक वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु टिकट वितरण एवं फंड संकलन की प्रक्रिया को गति देने पर विशेष बल दिया गया।

उपमंडलाधिकारी ने सब-कमेटी को निर्देश दिए कि मेला आयोजन समिति द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुसार मेला टिकटों की बिक्री एवं फंड कलेक्शन कार्य को समयबद्ध, पारदर्शी और उत्तरदायित्वपूर्ण ढंग से पूरा किया जाए।

## टाहलीवाल में युवक पर लोहे की रॉड से सिर पर वार

**राजन पुरी**

**ऊना।** पुलिस थाना टाहलीवाल के तहत संतोषगढ़ रोड़ स्थि हनुमान मंदिर के समीप एक युवक पर लोहे की रॉड से सिर पर हमला कर लहूलुहान कर दिया। घायल का दुलैहड़ अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस ने घायल की शिकायत आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में मोहन सिंह निवासी गांव बाथू गत दिवस ट्रैक्टर में धान की ट्राली लेकर दाना मंडी हाजीपुर, पंजाब जा रहा था। जब वह टाहलीवाल संतोषगढ़ रोड स्थित हनुमान मंदिर के पास पहुंचा, तो गांव का ही युवक सागर मोटरसाइकिल पर सवार होकर आया और उसे ओवरटेक कर रोक लिया। मोहन सिंह के अनुसार सागर निवासी बाथू ने उससे 500 मांगे और मना करने पर रास्ता रोककर उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की।

# हिमाचल में 1422 करोड़ की जाइका परियोजना, केंद्र सरकार के प्रयासों का प्रतिफल : अनुराग सिंह ठाकुर

**मजबूत**

» जाइका की सहायता से प्रदेश में स्वास्थ्य संरचना हो रही सुदृढ़

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जाइका) की सहायता से प्रदेश में स्वास्थ्य संरचना को सुदृढ़ करने के लिए 1422 करोड़ की परियोजना की मंजूरी को केंद्र सरकार के प्रयासों का प्रतिफल बताया है।

अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा देवभूमि हिमाचल के प्रति आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विशेष लगाव है और केंद्र की मोदी सरकार ने हिमाचल के हितों का सदा ख्याल रखा है।

हाल ही में हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जाइका) की सहायता से प्रदेश में स्वास्थ्य संरचना को सुदृढ़ करने के लिए 1422 करोड़ की परियोजना की मंजूरी केंद्र सरकार के प्रयासों का प्रतिफल है। सर्वविदित है कि हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ने 22.05.2025 को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से जगत प्रकाश नड्डा से मुलाकात की और उन्होंने जापान अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एजेंसी (जाइका) से ऋण हेतु हिमाचल प्रदेश में राज्यव्यापी स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु प्रस्ताव को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने हेतु उनके हस्तक्षेप का अनुरोध किया। यह प्रस्ताव 1422 करोड़ रुपये का है, जिसमें से बाह्य



सहायता 1138 करोड़ रुपये (80 प्रतिशत) और राज्य सहायता 284 करोड़ रुपये यानी मात्र 20 प्रतिशत ही है। मगर यह देखना दुर्भाग्यपूर्ण है कि राज्य सरकार इस मंजूरी का प्रचार प्रसार इस तरह कर रही है मानो मंजूरी की कुल राशि प्रदेश सरकार वहन कर रही है। इस विषय पर राज्य सरकार प्रदेश की जनता को गुमराह कर रही है

अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा मोदी सरकार व वित्त मंत्रालय ने 30.06.2025 को जाइका से बाह्य सहायता के रूप में 1138 करोड़ रुपये के ऋण के साथ प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।